वर्ष 14, अंक 170
गैरसैंण
सोमवार
23 अक्टूबर 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

**14 अक्टूबर से शुरू होगा नवरात्रि महोत्सव, तैयारियां शुरू**

*खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं*

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## सुबह 4.50 बजे आजम खां और बेटे को दूसरी जेल किया शिफ्ट, सपा सांसद बोले– हो सकता है एनकाउंटर

**रामपुर ,(एजेंसी)।** बेटे के दो जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में फंसे समाजवादी पार्टी आजम खां को रविवार सुबर जेल से निकाला गया तो वह बोले, हमारी जान को खतरा है। हमारा एनकाउंटर हो सकता है और कुछ भी हो सकता है। आजम खां को बेटे अब्दुल्ला के दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में 18 अक्टूबर को सात साल की सजा सुनाई गई थी। उनके साथ ही उनकी पत्नी पूर्व सांसद तजीन फात्मा और अब्दुल्ला को भी सात साल की सजा हुई है। प्रशासन ने अब्दुल्ला को हरदोई और आजम खां को सीतापुर की जेल स्थानांतरित किया है। रविवार सुबह 4:50 बजे अब्दुल्ला और आजम खां को जेल से बाहर निकल गया तो वहां कुछ मीडिया कर्मी पहुंच गए। उन्हें देखते ही आजम खां बोले, हमारी जान खतरे में है। हमारा एनकाउंटर भी हो सकता है। आजम खां समाजवादी पार्टी के फायर ब्रांड नेता रहे हैं। वह रामपुर शहर से 10 बार विधायक चुने गए।

## साइक्लोन तेज भीषण तूफान में बदला, आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा है कि अरब सागर में उठा चक्रवात 'तेज' रविवार को बेहद भीषण चक्रवाती तूफान में बदल गया और यह यमन–ओमान तटों की ओर बढ़ रहा है। आईएमडी ने कहा कि चक्रवाती तूफान के उत्तर–पश्चिम की ओर बढने् और 24 अक्टूबर को दोपहर के आसपास अल गैदाह (यमन) तथा सलालाह (ओमान) के बीच यमन–ओमान तटों को पार करने का अनुमान है।भीषण चक्रवाती तूफान के दौरान हवा की रफ्तार 115–125 किमी प्रति घंटे से लेकर 140 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। इसने एक बयान में कहा कि भीषण चक्रवाती तूफान 'तेज' अत्यंत गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया है। रविवार सुबह 8:30 बजे यह सोकोट्रा (यमन) से लगभग 160 किमी पूर्व–दक्षिण, सलालाह (ओमान) से 540 किमी दक्षिण–पूर्व और अल ग़ैदाह (यमन) से 550 किमी दक्षिण–पूर्व में केंद्रित था।आईएमडी ने यह भी कहा कि पश्चिम–मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर दबाव सोमवार सुबह तक और अधिक तीव्र होकर गहरे दबाव में बदल सकता है। बयान में कहा गया कि इसके बाद अगले तीन दिन में बांग्लादेश और पास के पश्चिम बंगाल तटों तथा उत्तर–पूर्वोत्तर की ओर बढने् का अनुमान है।

# 'कनाडा में वीजा सेवा शुरू करेंगे: विदेश मंत्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, भारत के पास यह दिखाने के लिए बहुत सारे सबूत हैं कि देश आज एक, दो या पांच दशक पहले की तुलना में कहीं बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि समाधानों का प्रत्येक सेट समस्याओं की एक नई पीढ़ी को जन्म देता है। विदेश मंत्री के अनुसार, "हम लगातार विश्लेषण करते हैं, बहस करते हैं और कभी–कभी परेशान भी होते हैं।"

नौकरशाही और राजनीति के बारे में जयशंकर ने कहा, उनके व्यवसाय में वास्तव में अच्छे लोग भी कल्पना करते हैं, अनुमान लगाते हैं और भविष्यवाणी करते हैं... हमें विकासवादी दृष्टिकोण के साथ ही दुस्साहसी सोच की भी जरूरत है। दोनों की आवश्यकता का कारण दुनिया के बदलते परिदृश्य हैं, जहां अनेक मोर्चों पर मंथन हो रहे हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर ने दुनिया भर में हो रही भू–राजनीतिक उथल–पुथल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मध्य पूर्व में अभी जो हो रहा है उसका प्रभाव अभी भी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। उन्होंने भारत और कनाडा के रिश्तों की तल्खी पर भी टिप्पणी की। कनाडा की वीजा सेवाओं पर, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, "अभी संबंध एक कठिन दौर से गुजर रहे हैं, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारी जो समस्याएं हैं, वे कनाडाई राजनीति के एक निश्चित खंड और उससे उत्पन्न होने वाली नीतियों के साथ हैं। अभी लोगों की सबसे बड़ी चिंता वीजा को लेकर है। कुछ हफ्ते पहले, हमने कनाडा में वीजा जारी करना बंद कर दिया था क्योंकि हमारे राजनयिकों के लिए वीजा जारी करने के लिए काम पर जाना अब सुरक्षित नहीं था।"

उन्होंने कहा, राजनयिकों की सुरक्षा हमारे लिए प्राथमिकता थी। वीजा के मुद्दे को अस्थायी रूप से इसलिए रोका गया। विदेश मंत्री के अनुसार भारत इस पर बहुत बारीकी से नज़र रख रहा है। उन्हें आशा और अपेक्षा है कि स्थिति बेहतर होगी। राजनयिकों के रूप में भारतीय अपने मूल कर्तव्य को पूरा करने में सक्षम होंगे। विश्वास बहाल होगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सुनिश्चित करना और राजनयिकों की सुरक्षा वियना कन्वेंशन का सबसे बुनियादी पहलू है।

विदेश मंत्री के अनुसार, फिलहाल कनाडा में कई तरीकों से राजनयिकों की सुरक्षा को चुनौती दी गई है। हमारे लोग सुरक्षित नहीं हैं, हमारे राजनयिक सुरक्षित नहीं हैं। इसलिए अगर हम वहां प्रगति देखते हैं, तो वे चाहेंगे कि वीजा की सेवाएं फिर से शुरू करना बहुत पसंद है। मेरी आशा है कि यह कुछ ऐसा होगा जो बहुत जल्द होना चाहिए। उन्होंने भारत में कनाडा के राजनयिकों की मौजूदगी पर एक सवाल के जवाब में कहा कि एक देश में कितने राजनयिक हैं, दूसरे देश में कितने राजनयिक हैं, ऐसी तुलना का पूरा मुद्दा समता का है।

### इस्राइल–हमास युद्ध पर कही यह बात

विदेश मंत्री ने कहा, वियना कन्वेंशन में समता को लेकर बहुत अधिक प्रावधान किए गए हैं। इस पर प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय नियम हैं। लेकिन हमारे मामले में, हमने समानता का आह्वान किया क्योंकि हमें कनाडाई कर्मियों द्वारा हमारे मामलों में निरंतर हस्तक्षेप के बारे में चिंता थी। हमने उसमें से बहुत कुछ सार्वजनिक नहीं किया है। मेरा मानना है कि समय के साथ और भी चीजें सामने आएंगी और लोग समझेंगे। हमें कई राजनयिकों के साथ उस तरह की असुविधा क्यों हुई, जैसी हमने कार्रवाई की, लोगों को आने वाले दिनों में इसका जवाब मिलेगा।

दिल्ली में आयोजित कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, "अस्थिरता में दूसरा योगदान वैश्वीकृत दुनिया में हो रहे संघर्ष का है। यहां परिणाम नजदीकी भूगोल से कहीं अधिक दूरी तक फैलते हैं। यूक्रेन के संबंध में हम पहले ही इसका अनुभव कर चुके हैं। युद्ध का प्रभाव अभी मध्य पूर्व में क्या हो रहा है? यह अभी भी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। दुनिया के अलग–अलग क्षेत्रों में, छोटी–छोटी घटनाएं हो रही हैं, उनका भी प्रभाव पड़ता है।

कुछ ऐसी भी घटनाएं हैं जो आम नहीं हैं, लेकिन इनका असर बहुत व्यापक होता है, लंबे समय से कई देशों में आतंकवाद का अभ्यास एक उपकरण के रूप में किया जा रहा है।

ऐसी कोई भी उम्मीद कि देशों के टकराव और आतंकवाद के प्रभाव को रोका जा सकता है, अब बेमानी है। आतंकवाद का एक बड़ा हिस्सा स्पष्ट रूप से आर्थिक है, लेकिन कट्टरपंथ और उग्रवाद की बात करने पर मेटास्टेसिस के खतरे को कम नहीं समझना चाहिए। कोई भी खतरा बहुत दूर नहीं है।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, "एकध्रुवीय दुनिया पुराना इतिहास है। अमेरिका और सोवियत संघ जब दो ध्रुव थे, उस समय भी द्विध्रुवीय दुनिया काफी दूर थी। मुझे नहीं लगता कि अमेरिका और चीन वास्तव में दो ध्रुव बन सकेंगे। मुझे लगता है कि बहुत सारी ताकतें हैं जिनका पर्याप्त प्रभाव है। स्वायत्त गतिविधि और खुद के प्रभुत्व के साथ–साथ गोपनीय क्षेत्रों में काम करने वाले कई ऐसे देश हैं जो अगली ताकत के रूप में उभर रही हैं।

उन्होंने इस्राइल–हमास युद्ध की तरफ संकेत करते हुए कहा, आज मध्य पूर्व (पश्चिम एशिया) में देखें कि क्या हो रहा है? एक नजरिए से देखने पर गतिविधियां मूल रूप से मध्य पूर्व में ही केंद्रित हैं। इसलिए क्षेत्रीय स्थितियों से वाकिफ प्रमुख क्षेत्रीय खिलाड़ी वास्तव में बेहद प्रभावशाली होने जा रहे हैं। इनका प्रभाव इतना बढ़ेगा कि अंदर आने के लिए ये वैश्विक या बाहरी देशों या ताकतों के लिए जगह ही नहीं छोड़ेंगे। विदेश मंत्री ने कहा, "मुझे लगता है कि आप अफ्रीका में भी ऐसा होते हुए देख सकते हैं।"

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर जलवायु के सीधे और विघटनकारी प्रभाव को देखने पर भी जोर दिया। विदेश मंत्री के अनुसार, जैसे–जैसे मौसम का पैटर्न बदलता है, वे उत्पादन के भार के साथ–साथ उनसे निकलने वाली आपूर्ति श्रृंखलाओं को भी प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे मौसम की घटनाओं की बढ़ती आवृत्ति को देखते हुए, यह अब एक जोखिम है।

## बाघ की दहशत बरकरार, घरों में कैद हुए ग्रामीण



**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार:** नैनीडांडा के बैडहाट मोछण में बाघ को लेकर अभी तक कोई सफलता नहीं मिल पाई। वन विभाग ने यहां तीन पिंजरे लगा रखे है। जबकि ट्रैंक्यूलाइज टीम के साथ ही बाघ को कैद करने के लिए ट्रैप कैमरे भी लगाए गए हैं लेकिन बाघ इनमें कैद नहीं हुआ। वहीं क्षेत्र के आस–पास के सभी स्कूल भी अभी बंद ही चल रहे हैं। बाघ के इस सक्रिय होने के कारण ग्रामीणों ने दहशत बनी हुई हैं।

वन अफसरों के मुताबिक कालागढ़ टाइगर रिजर्व से लगा यह इलाका काफी लंबा है। बाघ यहां सक्रिय है और गुर्राने की आवाज भी ग्रामीण सुन रहे हैं लेकिन न तो पिंजरों की तरफ ही आ रहा है और नहीं यहां लगे कैमरों में उसकी लोकेशन आ रही है। ऐसे में ट्रेंक्यूलाइज टीम के भी हाथ खाली है। बाघ पर नजर रखने के लिए विभागीय टीम भी साथ में ही हर दिन गश्त कर रही है लेकिन टीम को भी बाघ नहीं दिखाया दिया। बैहहाट मोछण में बीती 3 अक्तूबर को महिला को मार दिया था। तब से यहां ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। वन विभाग की जांच अभी तक यह साफ हुआ कि यह वही बाघ है जिसने नैनीडांडा के भैडगांव में भी एक व्यक्ति को मार दिया था। यानी बाघ ने अब तक दो लोगों को अपना निवाला बना दिया। इससे विभाग की चुनौती और बढ़ गई है। बाघ के इस क्षेत्र में सक्रिय होने के कारण बीती 5 अक्तूबर से अभी तक यहां आस–पास के आधा दर्जन स्कूलों को बंद किया हुआ है। इसके साथ ही नैनीडांडा हल्दूखाल मोटरमार्ग पर शाम छह बजे बाद दोपहिया वाहनों को भी नहीं चलने दिया जा रहा है। वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र रावत ने बताया कि यहां ट्रैप कैमरों को भी शिफ्ट किया गया है ताकि बाघ की लोकेशन का पता चल सके। वहीं पुलिस इसके लिए लोगों को जागरूक भी कर रही है। पौड़ी की एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि नैनीडांडा क्षेत्र में चौकी प्रभारी भावना भट्ट और उनकी टीम अपने स्तर से भी बाघ प्रभावित गांवों में लोगों को पूरी सतर्कता बरतने के लिए कह रही है। सिमली, केलधार, मोछण, बैडहाट आदि में बाघ की दहशत ग्रामीणों में बनी है। सड़क पर दो पहिया वाहनों से लोग अकेले सवारी न करे इसके लिए पुलिस ने एलाउंसमेंट भी किया है। समय–समय पर लोगों को बताया भी जा रहा है। ग्रामीणों और महिलाओं को अकेले जंगल की ओर न जाने की हिदायत भी दी गई है।

**मल्लिकार्जुन खरगे के हमले पर बीजेपी का पलटवार**

## कांग्रेस को गरीबों और लोक सेवकों से परेशानी: नड्डा



**नई दिल्ली , एजेंसी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज भाजपा के चुनावी अभियान पर तीखा हमला बोला। खरगे ने आरोप लगाया कि चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल कर रही है। इन आरोपों पर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पलटवार किया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस को देश के गरीबों की सेवा करने वाले अधिकारियों और लोक सेवकों से परेशानी है। पार्टी देश की जनता की गरीबी दूर होते नहीं देख सकती।

नड्डा ने खरगे के बयान के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म–एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस और खरगे को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, "मुझे देखकर हैरानी होती है कि कांग्रेस पार्टी को योजनाओं की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर तक पहुंचने वाले लोक सेवकों से दिक्कत है।" उन्होंने सवाल किया कि अगर शासन का मूल सिद्धांत यह नहीं है, तो क्या है?

भाजपा की 'रथ यात्रा' पर भी खरगे ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा, मोदी सरकार हमेशा केवल प्रचार में ही लगी रहती है। देश में उनके खिलाफ माहौल बन रहा है। ऐसे समय में भाजपा ने आदेश निकाला है कि अफसर, अब उनकी सरकार के प्रचार के लिए "रथ प्रभारी" बनेंगे। अब वो सरकारी काम छोड़ कर सरकार की रथ यात्रा निकालेंगे। इस पर नड्डा ने कहा, कभी युद्धपोतों का इस्तेमाल निजी नौकाओं के रूप में किया गया। ऐसे कारनामों के विपरीत भाजपा सार्वजनिक संसाधनों का उपयुक्त उपयोग कर रही है।

उन्होंने कहा, शायद कांग्रेस पार्टी के लिए यह केवल एक अलग अवधारणा है।

**छह साल बाद इतना 'जहरीला' रहा 22 अक्तूबर**

## पूरे हफ्ते बेहद खराब श्रेणी में रहेगी दिल्ली की हवा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में रविवार को हवा खराब श्रेणी से निकलकर बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। वायु गुणवत्ता बीते छह वर्ष में 22 अक्तूबर के दिन सबसे प्रदूषित रहा। जहां दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 313 दर्ज किया गया। यह बेहद खराब श्रेणी है। सुबह से ही स्मॉग देखने को मिला, जोकि धूप निकलने के बावजूद भी नहीं हटा। वहीं, 28 इलाकों में हवा बेहद खराब दर्ज की गई, तो नौ इलाकों में हवा खराब रही।

शनिवार के मुकाबले के वायु सूचकांक में 55 अंक की वृद्धि देखी गई। सर्वाधिक वायु सूचकांक नेहरू नगर में दर्ज किया गया और सबसे कम सूचकांक डीटीयू का रहा। वहीं, एनसीआर में ग्रेटर नोएडा में हवा सबसे खराब रही।

दिल्ली की हवा समग्र रूप से हवा बेहद खराब दर्ज की गई। कमोबेश यही स्थिति पूरे सप्ताह बनी रहने का अनुमान है। विशेषज्ञों के अनुसार हवा की दिशा व गति बदलने से स्मॉग छा रहा है। वहीं, पराली का धुआं अब और परेशान करेगा। बता दें दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का दूसरा चरण लागू है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक रविवार को यानि 22 अक्तूबर के दिन हवा छह वर्ष बाद बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। जहां रविवार को दिल्ली का एक्यूआई 313 दर्ज किया गया। इससे पहले वर्ष 2017 में 329 किया गया था दर्ज, जोकि बेहद खराब श्रेणी में था। वहीं, वर्ष 2022 में 22 अक्तूबर को एक्यूआई 265 दर्ज किया गया था। इसी तरह वर्ष 2021 में 170, 2020 में 296, 2019 में 207, 2018 में 272 एक्यूआई दर्ज किया गया था।

सतह पर चलने वाली हवा के तकरीबन शांत पड़ने से सुबह ज्यादातर इलाकों में स्मॉग की घनी चादर पसरी रही। इससे प्रदूषक कण दिल्ली के वातावरण में टिक गए। इनका दूर–दूर तक फैलना संभव नहीं हो सका। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक रविवार को हवा उत्तर–पूर्वी दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति चार से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे से रही।

सोमवार को हवा उत्तर–पूर्वी दिशा से चलने का अनुमान है। हवा की गति चार से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेगी। वहीं, सुबह के समय धुंध छाए रहने का भी अनुमान है।

इस दौरान हवा बेहद खराब श्रेणी में रहने का अनुमान है। वहीं, मंगलवार को भी हवा उत्तर–पूर्वी दिशा की ओर से चलेगी। हवा की चाल चार से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है।

सफर इंडिया के मुताबिक शनिवार को दिल्ली में पीएम 2.5 की मात्रा लगभग 128 दर्ज की गई, जोकि खराब श्रेणी में है। वहीं, पीएम 10 की मात्रा करीब 253 दर्ज की गई।

सीपीसीबी के मुताबिक दिल्ली के 28 इलाकों में बेहद खराब में हवा दर्ज की गई। इनमें नेहरू नगर में सर्वाधिक वायु सूचकांक रहा, यहां एक्यूआई 384 था। न्यू मोती बाग व ओखला फेज–दो में एक्यूआई 377, शादीपुर में 375, मुंडका में 358, जहांगीरपुरी में 338, पंजाबी बाग में 349, आईटीओ में 324, द्वारका सेक्टर आठ में 336, बवाना में 328, वजीरपुर में 354 दर्ज किया गया। वहीं, बुराड़ी क्रॉसिंग में 294, डीटीयू में 219, दिलशाद गार्डन में 283, एनएसआईटी द्वारका में 275 समेत 9 इलाकों में हवा खराब रही।

सीपीसीबी के अनुसार दिल्ली–एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया गया। यहां एक्यूआई 354 रहा, जोकि बेहद खराब श्रेणी है। वहीं, फरीदाबाद में 322, दिल्ली में 313, नोएडा में 304, गाजियाबाद में 246 व गुरुग्रा में 255 एक्यूआई दर्ज किया गया।

ग्रेप के दूसरे चरण के लागू होने के बाद दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) और दिल्ली परिवहन विभाग (डीटीसी) बसों के फेरे बढ़ाने का फैसला लिया है। डीएमआरसी के मुताबिक उन्होंने नियम को देखते हुए मेट्रो की लाइन में दो–दो फेरे बढ़ाने का फैसला लिया है।

वहीं, डीटीसी ने बताया कि उन्होंने जहां सबसे अधिक भीड़–भाड़ रहती है उन रूट पर बसों के रूट बढ़ाए गए हैं।

## मुख्यमंत्री ने नंदा गौरा योजना एवं मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना के ऑनलाइन पोर्टल का किया शुभारंभ

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्य सेवक सदन, मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए प्रदेश की 167 आंगनवाड़ी एवं मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों को सुपरवाइजर के पद पर नियुक्त होने पर नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने नन्दा गौरा योजना एवं मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना के ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ भी किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि दुर्गा अष्टमी के दिन 167 आंगनबाड़ी और मिनी आंगनवाड़ी माताओं–बहनों को सुपरवाईजर के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों की समाज में अहम भूमिका है। बच्चों के पालन पोषण में आंगनवाड़ी की अहम भूमिका है। आंगनवाड़ी कार्यकर्तियां, मां यशोदा की तरह बच्चों का पालन–पोषण करती हैं। राज्य सरकार आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति मजबूत करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आंगनवाड़ी, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों और सहायिकाओं को सशक्त बनाने के लिए उनके मानदेय में वृद्धि की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आंगनबाड़ी पद से चयन कर सुपरवाइजर हेतु निर्धारित कुल 299 पदों के सापेक्ष 167 रिक्त पदों पर नियुक्ति दी जा रही है। साथ ही समस्त आंगनवाड़ी कर्मियों का मानदेय राज्य स्तर से सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाईन लगभग 24 करोड़ रूपये प्रति माह भुगतान किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना में 23895 महिलाओं को 9.35 करोड़ की धनराशि उनके बैंक खाते में जारी की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज महालक्ष्मी किट योजना के अनुश्रवण (मॉनिटरिंग) हेतु पोर्टल के उद्घाटन से प्रति वर्ष राज्य की लगभग 50 हजार धात्री महिलाओं व नवजात शिशुओं को आवश्यक कपड़े एवं किट की सामग्री सुलभता से उपलब्ध होगी। साथ ही नन्दागौरा योजना के पोर्टल के उद्घाटन से प्रतिवर्ष लगभग 50 हजार बालिकाओं को जन्म पर 11 हजार व कक्षा 12 उत्तीर्ण करने पर 51 हजार की धनराशि हेतु आवेदन करने की ऑनलाईन सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। यह डिजिटल उत्तराखण्ड की ओर राज्य सरकार का महत्वपूर्ण कदम होगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखण्ड को 3940 आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की है। प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र के लिए 12 लाख की धनराशि – मनरेगा, केन्द्र व राज्य का अंश मिलाकर–निर्धारित की गई है। इस प्रकार कुल 472 करोड़ की धनराशि व्यय कर महिलाओं एवं बच्चों के लिए सुविधाजनक आंगनवाड़ी केन्द्र उपलब्ध कराये जायेगें।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया है। आज वित्तीय समावेश से लेकर सामाजिक सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा से लेकर आवास, शिक्षा से लेकर उद्यमिता तक, महिलाएं समाज का नेतृत्व कर रही हैं।

महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के नेतृत्व में प्रदेश के अंदर आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों के हित में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। सभी के मानदेय में वृद्धि की गई है।

आज प्रदेश के अंदर महिलाओं का मनोबल बढा है। महिलाओं के कल्याण एवं उनको स्वावलंबी बनाने हेतु राज्य में कई नीतियों पर कार्य हुआ है। राज्य सरकार महिलाओं के विकास एवं कल्याण हेतु हमेशा तत्पर है। इस दौरान कार्यक्रम में सचिव हरीश चंद्र सेमवाल, अपर सचिव प्रशांत आर्य एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## सेना के जवानों के साथ दशहरा मनाएंगे रक्षा मंत्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अरुणाचल प्रदेश के तवांग में एक अग्रिम अड्डे (फॉरवर्ड बेस) पर मंगलवार को सेना के जवानों के साथ दशहरा मनाएंगे। सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्री तवांग में शस्त्र पूजा भी करेंगे। राजनाथ सिंह ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान पर सैनिकों के साथ दशहरा मनाने का फैसला ऐसे समय में किया है, जब भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले कुछ स्थानों पर तीन साल से अधिक समय से गतिरोध बना हुआ है। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री अरुणाचल प्रदेश सेक्टर में एलएसी पर जमीनी स्थिति की व्यापक समीक्षा भी करेंगे। उनके क्षेत्र में कुछ अग्रिम स्थानों का दौरा करने की भी उम्मीद है।

राजनाथ सिंह पिछले कई वर्षों से दशहरा पर 'शस्त्र पूजा' करते आ रहे हैं, जिसमें पूर्ववर्ती भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में भी उनका कार्यकाल शामिल है।

भारत और चीन के सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ स्थानों पर तीन साल से अधिक समय से टकराव चल रहा है, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई इलाकों से सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

# गिवईस्त्रोत गेदेरे में खतरा बनी पुलिया, सरकारी सिस्टम नहीं दे रहा ध्यान

## लाख शिकायत के बाद भी बदहाल पुलिया की नहीं करवाई जा रही मरम्मत


कोटद्वार के गिवईस्त्रोत गदेरे में बनी पुलिया के टूटे रेलिंग भाबर क्षेत्र वासियों ने भेजा मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** सरकारी सिस्टम जन समस्याओं को लेकर कितना लापरवाह है इसका उदाहरण वार्ड नबंर चार गिवईस्त्रोत गदेरे में बनी पुलिया को देखकर लगाया जा सकता है। बदहाल स्थिति में पड़ी पुलिया दुर्घटनाओं को न्यौता दे रही है। एक ओर जहां पुलिया का पिलर खोखला पड़ा हुआ है वहीं, पुलिया के टूटी रेलिंग से कम राहगीर गिर जाए, कहा नहीं जा सकता। क्षेत्रवासी कई मर्तबा जनप्रतिनिधि व अधिकारियों से कई बार पुलिया मरम्मत की मांग उठा चुके हैं।

अगस्त माह में हुई अतिवृष्टि से गिवईस्त्रोत पुलिया को भी नुकसान पहुंचा था। यही नहीं, अगस्त माह में गिवईस्त्रोत में बह कर आई एक बस पुलिया के पिलरों में फंस गई थी। हालांकि क्रेन की मदद से बस को बाहर निकाल दिया गया था। लेकिन, पुल के पिलरों को काफी नुकसान पहुंचा था। पुल के किनारे लगी रेलिंग भी टूट गई थी। गिवईस्त्रोत निवासी कुलदीप कुमार, विजय सिंह, राम सिंह, गणेश सिंह, सतेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिया पर दोपहिया वाहन चलाते समय खतरा बना हुआ है।

सबसे अधिक डर रात के समय बना रहता है। पूर्व में क्षेत्र निरीक्षण के लिए पहुंची विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण को भी पुलिया की स्थिति के बारे में अवगत करवा चुके हैं। लेकिन, अब तक कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर झांकने तक नहीं पहुंचे। वार्डवासियों ने उनके हित को देखते हुए जल्द पुलिया मरम्मत करवाने की मांग की है। कहा कि वार्डवासियों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नाटक की बेहतर प्रस्तुती ने मोहा दर्शकों का मन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के तत्वावधान में आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत पर्वतीय नाट्य समारोह में रविवार को रूप अरूप नाटक का शानदार मंचन किया गया। प्रेक्षागृह में चल रहे नाटक में कलाकारों ने अपने बेहतरीन अभिनय से लोगों की जमकर तालियां बटोरी। नाटक रूप अरूप की पृष्ठभूमि में नौटंकी की लोकप्रिय प्रदर्शन परंपरा है। कुछ साल पहले तक पुरुष उस महिला व्यक्तित्व को सजाते है जो पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती रहती है।

हालांकि पिछली शताब्दी के मध्य में महिलाओं ने इस मंच पर कदम रखा। उनमें से अधिकांश बेदीन समुदाय से हैं जो जाति और जन्म से गायक और नर्तक हैं। नाटक में हैप्पी रणजीत, गौरी देवल, एचवी शर्मा, शौर्य शंकर, अम्बा सान्चाल, राजेश सिंह, सैंडी, प्रवीण पाराशर, मालती श्यामा, दीपक कुमार, विक्की ने कलाकार की भूमिका निभाई।

# भूमि घोटाले का फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में पकड़ा गया आरोपी

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार।** न्यायालय को को गुमराह कर जीवित व्यक्ति को मृत घोषित कराने व कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के फरार आरोपी को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेज दिया है।

कोतवाल मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि भाबर के झंडीचौड़ पूर्वी निवासी शीला देवी ने विगत 14 अक्तूबर, 2022 को इस मामले में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें उसने झंडीचौड़ निवासी एक महिला समेत छह लोगों पर उसके भाई सतीश उर्फ सत्यपाल के जीवित रहते हुए एक सिविल वाद न्यायालय में दायर कर उसकी मृत्यु की घोषणा झूठे साक्ष्यों एवं कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर करने की बात कही। कहा कि इन लोगों ने न्यायालय को गुमराह करते हुए सतीश उर्फ सत्यपाल की भूमि को पुरुषोत्तम के नाम कराकर बेच दी। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत आईपीसी की संबंधित धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में बीते 10 मई, 2023 को आरोपी सुनील कुमार, पुरुषोत्तम, पुष्पा देवी को गिरफ्तार किया। जबकि 10 दिन बाद 20 मई को दो अन्य आरोपी महेंद्र एवं यतेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि आरोपी सुरेश कुमार तब से लगातार फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी पर दबाव बनाने के लिए कोर्ट से गैर जमानती वारंट निकलवाए। एसएसपी ने आरोपी पर पांच हजार के इनाम की घोषणा कर ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत टीम गठित कर इनामी आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। गठित पुलिस टीम ने सर्विलांस की मदद से आरोपी सुरेश कुमार को शनिवार को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रकोष्ठ अध्यक्षकों को सौंपे मनोनयन पत्र

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के शीर्ष स्तर से अनुमोदित जिले के अलग–अलग प्रकोष्ठों के अध्यक्षों को मनोनयन पत्र सौंपे गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रूपन नेगी ने कहा कि सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को पार्टी के लिए समर्पित भाव से कार्य करना होगा। आगामी चुनावों में पार्टी जिस उम्मीदवार को टिकट देगी, सभी कांग्रेस जनों को उम्मीदवार को जिताने के लिए लगन से कार्य करना होगा। जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने कहा कि किसी भी पार्टी की जान उसके कार्यकर्ता होते हैं। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा। मौके पर शीर्ष स्तर से अनुमोदित पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के दस अनुमोदित अध्यक्षों को मनोनयन पत्र सौंपे गए।

साथ ही कांग्रेस प्रदेश ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव नामित होने पर मोहनलाल प्रजापति को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बलबीर सिंह रावत, विनोद रावत, मौ. स्वाले, गोपाल सिंह, आलम सिंह, विजय नेगी, दिलीप सिंह और मनोज बिष्ट सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंगद-रावण संवाद की लीला का हुआ मंचन


दुगड्डा में आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** भाबर के कण्वघाटी में श्री ओंकारेश्वर रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला मंचन 13वें दिन भी जारी रही। यहां हनुमान की लंका से वापसी, विभीषण का शरणागत होने और अंगद–रावण संवाद की लीला का मंचन किया गया। वहीं, दुगड्डा में भी सीता खोज की लीला का मंचन किया गया। रामलीला देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

कण्वघाटी में मंचन की शुरुआत पार्षद मंजुल डबराल और राजगौरव नौटियाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंचन के शुरू में लंका दहन के बाद हनुमान की वापसी होती है। वे श्रीराम को माता सीता की कुशलक्षेम बताते हैं। विभीषण रावण को माता सीता को वापस कर राम भगवान से माफी मांगने का सुझाव देते हैं। इसके बाद विभीषण राम की शरण में आ जाते हैं। भगवान राम युद्ध को टालने के लिए अंगद को रावण के दरबार में शांतिदूत बनाकर भेजते हैं। वह रावण को सुझाव देता है कि भगवान राम के पैर पड़ने में ही उनका कल्याण है। निर्देशन व संचालन अनिल बलूनी ने किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष मदन मोहन सिंह रावत, सौरव रावत, मनोज नेगी, शुभम रावत, विनोद पोखरियाल, सतेंद्र रावत मौजूद रहे। वहीं, दुगड्डा में सीता हरण के बाद भगवान राम, लक्ष्मण व वानर सेना माता सीता की खोज में निकलती है। इस मौके पर प्रदीप बड़ोला, नफीश अहमद, नरेंद्र, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## विद्यालय व महाविद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने पर दिया जोर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** ज्वाल्पा देवी मंदिर समिति के वार्षिक अधिवेशन में संस्कृत विद्यालय, महाविद्यालय के शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार पर जोर दिया गया। बैठक में शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य को अधिकृत किया गया। इस मौके पर कई अन्य प्रस्ताव भी पास किए गए।

लालपुर स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में मंदिर समिति के उपाध्यक्ष शिव दयाल बौंठियाल की अध्यक्षता में वार्षिक अधिवेशन हुआ। उन्होंने मंदिर समिति के उद्देश्यों को निष्ठापूर्वक प्राप्त करने का आह्वान किया। समिति के मुख्य सचिव रमेश थपलियाल ने मंदिर समिति के अधिकार क्षेत्र में भूमि के सीमांकन प्रकरण पर जानकारी व प्रयास, विद्यार्थियों के लिए निशुल्क भोजन व्यवस्था की समीक्षा, समिति के आय–व्यय, ज्वाल्पा धाम संस्कृत विद्यालय का वार्षिक विवरण, महाविद्यालय की गतिविधियों पर बिंदुवार चर्चा की। पार्थ सारथी थपलियाल ने सदस्यों को विद्यालय की भूमि के सीमांकन के संबंध में अब तक हुई कार्रवाई से अवगत कराया। कोषाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद ध्यानी ने वित्तीय लेखा जोखा प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रबंधक राजेश थपलियाल ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय, महाविद्यालय में लगभग 70 विद्यार्थी संस्कृत शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस समय भोजनालय में और अधिक आर्थिक सहायता की आवश्यकता है।

# दोपहिया वाहन चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल



पुलिस हिरासत में पकड़ा गया दोपहिया वाहन चोर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कोटद्वार शहर में दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से चोरी किए गए सभी वाहन भी बरामद कर लिए गए हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि भास्करानन्द खंतवाल पुत्र स्व. शंकर दत्त निवासी पदमपुर, अमित कुकरेती पुत्र रमेश चन्द्र कुकरेती, निवासी शिवराजपुर, उमेश चन्द्र बमोला पुत्र इन्द्रमणी, निवासी विकासनगर और दुर्गा प्रसाद पुत्र धनीराम निवासी ग्रास्टनगंज कोटद्वार ने कोतवाली कोटद्वार पर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी बाइकें और स्कूटी चोरी कर दिये हैं। इन शिकायती पत्रों के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

शहर में चोरी की घटनाओं का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा संज्ञान लेकर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये थे। जिस पर पुलिस टीम ने सर्विलान्स और सीसीटीवी कैमरों की मदद से शनिवार को आरोपी रितिश कर्णवाल उर्फ शानू (30) पुत्र स्व. विजय सिंह, निवासी आदर्श नगर निकट बिजलीघर के पास जिला–बिजनौर यूपी को गूलर पुल कोटद्वार के पास से चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

आरोपी की निशानदेही पर चोरी की अन्य तीन बाइकों और एक स्कूटी को गूलर पुल के पास से बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के पेश कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## 29 अक्टूबर को मनाई जाएगी जयंती

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** प्रादेशिक शिल्पकार कल्याण समिति की बैठक में समिति के संस्थापक सदस्य स्व.हीरालाल टम्टा की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। समिति के अध्यक्ष हरीश चंद्र शाह ने कहा कि 29 अक्टूबर को स्व.हीरालाल टम्टा की जयंती शिल्पकार एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। बताया कि जयंती को धूमधाम से मनाए जाने को लेकर सदस्यों को जिम्मेदारी भी दे दी गई है। बताया कि जयंती पर मुख्य अतिथि शैल शिल्पी विकास समिति के अध्यक्ष विकास कुमार आर्य होंगे।

# वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्थाओं में करवाएं सुधार

## भाबर क्षेत्र वासियों ने भेजा मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** भाबर क्षेत्र के वाशिंदों ने भाबर क्षेत्र को जोड़ने के लिए तल्ला मोटाढांग–बेलगिरी आश्रम के समीप बने वैकल्पिक मार्ग के डामरीकरण की मांग की है। कहा कि मार्ग पर बने गड्ढे वाहन चालकों की कमर तोड़ रहे हैं। साथ ही धूल के कारण दोपहिया वाहन चालकों का दम भी घुट रहा है।

समस्या के सबंध में भाबर निवासी संदीप कुमार, मोहन सिंह ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। बताया कि मालन नदी का पुल टूटने के बाद प्रशासन ने तल्ला मोटाढांक–बेलगिरी आश्रम के समीप वैकल्पिक मार्ग का निर्माण करवाया था। इससे बाजार से भाबर को जाने व आने वाले वाहनों को काफी राहत मिली। मार्ग का सबसे अधिक फायदा औद्योगिक इकाईयों को जाने वाले भारी वाहनों को मिला। लेकिन, वर्तमान में यह मार्ग पूरी तरह बदहाल हो चुका है। तल्ला मोटाढांक से वैकल्पिक मार्ग को की ओर सड़क के गड्ढे वाहन चालकों की कमर तोड़ रहे हैं। मार्ग पर उड़ रही धूल दोपहिया वाहन चालकों का दम घोट रही है। सबसे अधिक परेशानी मार्ग से बच्चों को बुजुर्गों को ले जाने में हो रही है। कहा कि क्षेत्रवासियों के हित को देखते हुए जल्द मार्ग का डामरीकरण करवाया जाना चाहिए।

## पुलिस ने सुनी वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं

**पौड़ीः** पुलिस द्वारा सीनियर सिटीजन की सुरक्षा को लेकर उनकी समस्याओं को हल कर रही है। धुमाकोट पुलिस ने एकल बुजुर्गों के घर जाकर उनसे मुलाकात की और उनका हालचाल जानकर उनकी समस्याओं को सुना। इसके साथ ही उनका निदान भी किया।

पुलिस टीम द्वारा बुजुर्गों को अपना मोबाइल नम्बर व आपातकालीन नम्बर डायल–112 दिया। कहा कि वे किसी भी तरह की परेशानी होने पर पुलिस को तुरंत बुला सकें। घर में अकेले रह रहे बुजुर्गों पर पौड़ी पुलिस द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिससे उनके साथ कोई अनहोनी की घटना कारित न कर सकें और बुजुर्गों भी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें।

## मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के लिए 61 बच्चों का हुआ चयन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के 14 से 23 आयु वर्ग में खिलाड़ियों का ट्रायल का आयोजन शनिवार को भी किया गया। जिसमें 21 से 23 आयु वर्ग के बालक व बालिकाएं शामिल हुईं। कण्डोलिया मैदान व इण्डोर स्टेडियम पौड़ी में हुए इस ट्रायल में जिले के सभी ब्लाकों के 21 से 23 आयुवर्ग में 17 बालक जबकि 15 बालिकाओं सहित कुल 32 खिलाड़ियों ने 12 खेलों में हिस्सा लिया। जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट ने बताया कि योजना के जनपद स्तरीय चयन ट्रायल में 17 बालक और 44 बालिकाओं सहित कुल 61 खिलाड़ियों द्वारा हिस्सा लिया गया। इन खिलाड़ियों को चयनित कर छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। चयन ट्रायल के सफल संचालन में दीपक चन्द्र जोशी, श्याम सिंह डांगी, महेश्वर सिंह नेगी सहित प्रशिक्षकों आदि का योगदान रहा।

## राज्यपाल ने की स्वामी रामतीर्थ जी की 150वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन से स्वामी रामतीर्थ जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी और स्वामी रामतीर्थ फाउंडेशन टिहरी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल ने स्वामी रामतीर्थ जी की 150वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड, ऋषि–मुनियों, साधु–संतों और महान विचारकों की पवित्र भूमि है।

उन्होंने कहा कि यह देवभूमि ऐसे महापुरुषों की तपःस्थली भी है, जिन्होंने भारतीय सभ्यता, संस्कृति, अध्यात्म, चिंतन, ज्ञान, विज्ञान और वैचारिक विद्या का प्रसार किया है। उन्होंने कहा कि स्वामी रामतीर्थ भी उसी महान संत परम्परा के महापुरुष हैं जिन्होंने उत्तराखण्ड की इस भूमि से भारतीय वेदान्त दर्शन के चिन्तन के साथ विश्व का मार्ग प्रशस्त किया है। राज्यपाल ने कहा कि आज युवाओं को ऐसे महापुरुष के विचार दर्शन और आदर्शों पर चलकर उनसे सीख लेने की जरूरत है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने शांति और अध्यात्म का मार्ग दिखाया है इसी विचार और धारणा के अनुरूप स्वामी रामतीर्थ जी ने भी समाज में वेदान्त दर्शन के महान आदर्शों के साथ राष्ट्र प्रेम और अध्यात्म की अलख जगाई। उन्होंने विदेशों में जाकर भारतीय संस्कृति और अध्यात्म का शंखनाद किया। जो ज्ञान उन्होंने टिहरी की पवित्र भूमि में रहते हुए अर्जित किया उसके बल पर उन्होंने विदेशों में वेदांत का डंका बजाया और यह प्रतिष्ठित किया कि वैदिक दर्शन संसार के सभी दर्शनों से हर प्रकार से श्रेष्ठ और बहुत ऊंचा है। स्वामी रामतीर्थ के व्याख्यानों से पश्चिमी जगत में भारत के प्रति सम्मान बढ़ा एवं वेदांत दर्शन के प्रति आस्था जागृत हुई।

राज्यपाल ने विश्वास जताया कि स्वामी रामतीर्थ जी की जयंती राष्ट्र, समाज, संस्कृति, और मानवता के कल्याण के लिए प्रेरणा देगी। उन्होंने कहा कि आज, विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और विश्व गुरु भारत के संकल्प की पूर्ति ऐसे महापुरुषों के तप के कारण ही सिद्ध हो रही है। हमारा देश आज चारों दिशाओं में प्रगति की ओर अग्रसर है, तो इसका श्रेय हमारे महान राष्ट्र आदर्श महापुरुषों को जाता है।

# रामलीला का मंचन देख भावुक हो उठे दर्शक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** पौड़ी रामलीला में सुपर्नखा नृत्य, लक्ष्मण–सुपर्नखा संवाद और सीता हरण जैसे दृश्य आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अलावा भाव नृत्यों ने भी दर्शकों को रामलीला मैदान में बांधे रखा। रामलीला मंचन की छठवीं संध्या पर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। इससे पूर्व रामलीला भरत कौशल्य संवाद से शुरू हुईं।

भरत का चित्रकूट प्रस्थान, राम– भरत मिलाप, राम का पंचवटी प्रस्थान, पंचवटी में सीता को प्यास लगना, राम, लक्ष्मण, सीता का अत्रिमुनि से भेंट, सुपर्णखा की नाक कटना,खर दूषण वध, रावण सुपर्णखा रावण संवाद, रावण मारीच संवाद, सीता हरण और जटायू मरण जैसे दृश्यों ने रामलीला का आकर्षण बनाएं रखा। राम को रिझाने के प्रसंग में सुपर्णखा का नृत्य और अभिनय ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। सूपर्णखा की भूमिका में मोनिका, मारीच की भूमिका दीपक डोभाल, अत्री मुनि गोपाल नेगी और अनसूया की भूमिका सोनम ने निभाई। रावण की भूमिका में जगत किशोर बर्थवाल का अभिनय भी जोरदार रहा। रामलीला समिति ने दशहरा उत्सव की तैयारियां शुरू कर दी.रावण के विशालकाय पुतले का निर्माण किया गया है। इस मौके परपालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम, नागरिक मंच रघुवीर सिंह रावत,मनवीर रावत, सभासद अनीता रावत आदि भी मौजूद रहे।

## सुरकंडा मंदिर में 101 कन्याओं का पूजन

देहरादून। नवरात्र अष्ठमी पर भाजपा युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी ने सुरकंडा मंदिर में भंडारे का आयोजन किया। उन्होंने 101 कन्याओं का पूजन किया। इस मौके पर नेहा जोशी ने कहा कि अष्ठमी पर्व पर देवी मां की पूजा करते हैं और इससे अच्छा कोई स्थान नहीं हो सकता क्योंकि सुरकंडा मंदिर में जो आता है उनकी मनोकामनाये पूरी होती हैं। और पहली बार यहां भंडारे करने का सौभाग्य मिला। कन्याओं का पूजन किया।

## डेढ़ साल से धूल फांक रही कर्मचारियों की एसीपी फाइल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** पौड़ी जनपद के अशासकीय विद्यालयों के तैनात शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की एसीपी फाइल पौड़ी मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में डेढ़ साल से धूल फांक रही है। इस कारण कर्मचारियों को एसीपी का लाभ नहीं मिल रहा हैं। कर्मचारियों ने नाराजगी जाहिर कर आंदोलन कि चेतावनी दी हैं। अशासकीय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष दर्शन सिंह रिगोड़ा रावत ने बताया कि आशासकीय विद्यालयों में सेवा दे रहे कर्मचारियों के एसीपी प्रकरण का मामला डेढ़ साल से सीईओ पौड़ी कार्यालय में लंबित पड़े हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि विभागीय अधिकारीयों को कई बार लिखित, मौखिक बताने के बावजूद भी इन प्रकरणों को अधिकारी जानबूज कर लटका रहे हैं। संघ के पदाधिकारीयों ने चेतावनी दी की यदि शीघ्र उन्हें एसीपी का लाभ नहीं मिला तो सीईओ कार्यालय में आंदोलन किया जाएगा। उधर मुख्य शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र गौड़ ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। शीघ्र कर्मचारियों को एसीपी का लाभ दिया जाएगा।

# किच्छा में युवक से ढाई लाख की अफीम बरामद



रुद्रपुर। एसओजी और पुलिस ने एक स्कूटी सवार को 2 किलो 34 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामद अफीम की कीमत ढाई लाख रुपये बताई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी बरेली से बड़ी मात्रा में अफीम लाकर बाजपुर क्षेत्र में फुटकर में बेचता था। पुलिस आरोपी से मुख्य सप्लायर के बारे में पूछताछ कर रही है। रविवार को एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि शनिवार शाम लालपुर पुलिस चौकी इंचार्ज एसके शर्मा और एसओजी की टीम ने एनएच–74 पर जुनेजा फार्म मोड़ के पास किच्छा की ओर से आ रही बगैर नंबर की स्कूटी की जांच की। इस दौरान तलाशी में स्कूटी सवार से 2 किलो 34 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद आरिश पुत्र हमीद अहमद निवासी ग्राम उनहैनी जागीर बहेड़ी जिला बरेली यूपी हाल पता वार्ड 20 सिरौली कला पुलभट्टा बताया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह बरेली से बड़ी मात्रा में अफीम खरीद कर बाजपुर क्षेत्र में फुटकर में बेचता था। एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस आरोपी के बारे में जानकारी ले रही है। उन्होंने बरामद अफीम की कीमत ढाई लाख रुपये बताई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया है, जबकि आरोपी की स्कूटी को पुलिस ने सीज कर दिया है।

### आरोपी ने सिरौली में बनाया था ठिकाना

गैरकानूनी काम करने वालों का सिरौली पनाहगार बनता जा रहा है। एक के बाद एक आ रहे केस इसकी तस्दीक कर रहे हैं। पिछले दिनों जांच एजेंसियों की जांच में सामने आया था कि दो युवक विस्फोटक सामग्री लेकर दिल्ली से आये थे और सिरौली कलां में किराये पर रह रहे थे। इसी दौरान सिरौली कलां में दो अवैध मदरसों के संचालन का मामला भी सामने आया। जिसमें एक मदरसा संचालक के तार कश्मीर से जुड़े होने की बात सामने आई। शनिवार को 2 किलो 34 ग्राम अफीम के साथ पकड़े गये आरोपी मोहम्मद आरिश ने बताया कि वह आठ दिन से सिरोली कलां में किराये पर रह रहा था। यहां से वह जिले में नशे के धंधेबाजों की जानकारी कर रहा था। ताकि बड़े पैमाने पर नशे की तस्करी को अंजाम दिया जा सके। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि बड़ी मात्रा में अफीम का बरामद होना गंभीर विषय है। पुलिस आरोपी के संपर्क में आने वाले लोगों की जानकारी जुटा रही है। सभी लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस टीम में ये रहेः आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में कोतवाल धीरेन्द्र कुमार, एसओजी प्रभारी विजेन्द्र शाह, एसआई सतीश कुमार, एसओजी एसआई मनोज धौनी, हेका. आंनद ग्वासाकोटि, भुवन पांडे, का. गणेश पांडे, नीरज भोज, संतोष रावत, मोहन सिंह बोरा, ललित कुमार, विनोद खत्री रहे।

## किच्छा में केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने किया दुर्गा मंदिर का लोकार्पण

रुद्रपुर। ग्राम शिमला पिस्तौर में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट और सांसद प्रतिनिधि विपिन जल्होत्रा ने दुर्गा मंदिर का लोकार्पण किया। सांसद प्रतिनिधि जल्होत्रा ने अपने पिता स्व. कस्तूरी लाल जल्होत्रा की स्मृति में मंदिर के लिए भूमि दान की थी। इस भूमि पर 15वें वित्त योजना के तहत पांच लाख रुपये की लागत से मन्दिर का निर्माण किया गया। केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट एवं सांसद प्रतिनिधि विपिन जल्होत्रा ने संयुक्त रूप से दुर्गा मंदिर और शिव मंदिर का लोकार्पण किया। यहां पर भट्ट ने सांसद निधि से धर्मशाला के सौंदर्यीकरण के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। भट्ट ने कहा कि किच्छा विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

## घर में घुसकर मारपीट का आरोप, महिला से की अभद्रता

काशीपुर। कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर पड़ोसी रिश्तेदारों पर घर में घुसकर मारपीट करने तथा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। सीओ के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।ग्राम रम्पुरा निवासी पूजा कौर ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसके पति भीम सिंह की भाभी परमजीत कौर पत्नी स्व. समरजीत सिंह, उसकी बेटी सिमरन कौर, सुमन कौर पुत्रीगण स्व. समरजीत सिंह, अमन सिंह पुत्र समरजीत सिंह, इन्दर सिंह पुत्र जसवन्त सिंह, बन्नू कौर पत्नी जसवन्त सिंह, निक्की पुत्री जसवन्त सिंह उसके पड़ोसी है, और कच्ची शराब बेचते है। उन्होंने आने जाने के रास्ते पर पक्की भट्टियां लगा रखी है, जिसकी वजह से काफी परेशान होती है। तरह तरह के लोगों के आना जाना लगा रहता है। 06 अक्टूबर 2023 को रात्रि करीब 8:00 बजे परमजीत कौर, सिमरन कौर, सुमन कौर, अमन सिंह, इन्दर सिंह, बब्बू कौर व निक्की एकराय होकर घर के अन्दर घुस आये और गाली गलौज कर उसके पति के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसने बचाने का प्रयास किया, तो आरोपी अमन सिंह उसे घसीट कर एक कोने में ले गया और अश्लील हरकतें करने लगा। शोर शराबा सुनकर आस पास के लोग आ गए। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़िता ने मारपीट में घायल पति का सरकारी अस्पताल में मेडिकल कराया।

# प्रदर्शन के बाद भी दूर नहीं हुई पानी की समस्या

बागेश्वर। नगर में प्रदर्शन के बाद भी पानी का संकट दूर नहीं हो रहा है। सबसे अधिक परेशानी तहसील मार्ग व नदीगांव में रह रहे लोगों को हो रही है। नवरात्र पर्व पर भी लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है।

पूजा अर्चना के बजाए लोग पानी के इंतजाम में अधिक व्यस्त हो रहे हैं। लोगों ने जल संस्थान से एक घंटा रोज नियमित पानी देने की मांग की है। मालूम हो कि एक सप्ताह पहले तहसील मार्ग के आदर्श कॉलोनी के लोगों ने डीएम कार्यालय में पानी के लिए प्रदर्शन किया। उन्हें उम्मीद थी कि प्रदर्शन के बाद पानी की समस्या दूर होगी, लेकिन दो दिन तो पानी मिला, अब विभाग पुराने ढर्रे पर आ गया है।

उन्हें कभी एक तो कभी दो दिन बाद पानी मिल रहा है। इन दिनों नवरात्र पर्व चल रहे हैं। सुबह का समय पूजा अर्चना का होता है, लेकिन पानी नहीं आने से उनका पूरा समय पानी की व्यवस्था में लग रहा है। कभी हैंडपंपों से तो कभी प्राकृतिक जल स्त्रोतों से पानी ढो रहे हैं। जल संस्थान पानी का बिल वसूलने में कभी देरी नहीं करता, लेकिन उपभोक्ताओं को पर्याप्त पानी नहीं दे पा रहा है। उन्होंने नवरात्र, दीपावली जैसे पर्व पर भी पानी नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है। विभाग की वितरण प्रणाली पर भी सवाल उठाए। साथ ही रोजाना एक घंटो नियमित पानी देने की मांग की है। मांग करने वालों में सरस्वती देवी, हेमा, रेखा, मोहिनी, रागिनी, मोहन, सुरेश तथा हरीश आदि शामिल हैं। इधर जल संस्थान के ईई सीएस देवड़ी ने बताया कि रोस्टर के हिसाब से पानी का वितरण किया जा रहा है। इन दिनों उनके पास पानी की समस्या की कोई शिकायत कहीं से नहीं आई है।

## लोहाघाट में दौड़ में रोहित बने विजेता

चम्पावत। छमनियां चौड़ स्थित स्टेडियम में श्री महाकाली सोशल एंड यूथ वेलफेयर एसोसिएशन शिवा ग्रुप ने 1600 मीटर रेस का आयोजन किया। दौड़ में रोहित अधिकारी विजेता बने। दौड़ का मकसद लोगों को नशे के प्रति जागरुक करना है। छमनियां स्टेडियम में शिवा ग्रुप के अध्यक्ष शुभम ढेक ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। रोहित अधिकारी, दीपांशु शर्मा, आशीष जोशी,आशीष गड़कोटी, ललित सिंह, अमित जोशी, रोहित मेहरा, आयुष ओली, अमित सिंह राणा, रोशन राम पहले दस स्थानों पर रहे। अध्यक्ष शिवम ने बताया कि वह सैन्य बलों की भर्ती के लिए युवाओं को बीते ढाई साल से निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं।

# गाँव को नशामुक्त करने हेतु पुलिस को सहयोग करेंगे ग्रामीण



रुद्रपुर। बसगर के ग्रामीणों की बैठक में गांव को नशामुक्त करने के लिए रणनीति तय की गयी।

आपस में तय किया गया कि कोई भी नशीला सामान नहीं बेचेगा। कोई शराब, स्मैक, नशे के कैप्सूल, भांग, चरस, अफीम, ढोढा या किसी प्रकार का नशा बेचेगा तो ग्रामीण पुलिस ख्से शिकायत कर कानूनी कार्यवाही के पुलिस से सम्पर्क करेंगे। तय किया गया कि गांव को स्वच्छत व नशामुक्त करने के लिए ग्रामीण एकजुट रहेंगे। ग्रामीणों नने चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी को मांग पत्र सौंपा। यहां गुरप्रीत सिंह, महल सिंह, बलविंदर सिंह, अमरीक सिंह, जगुरमीत सिंह, मंजीत सिंह, महेश, करनैल सिंह, बलदेव सिंह, कश्मीर सिंह दिलबाग सिंह, बलवंत सिंह मौजूद

# मां दुर्गा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने रंग जमाया



चम्पावत। गोरखा नगर में दुर्गा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची है।

स्थानीय कलाकारों ने देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। महोत्सव का शुभारंभ सभासद बीना कनौजिया ने किया। कलाकारो ने बालिकाओं ने गोरी मुखड़ी सजली नाक में छ नथुली,मैं ना जानु नेपाल रामरो लागो लुघाटमा कुमाऊंनी, गढ़वाली, नेपाली गीतों की मन मोहक प्रस्तुति देकर समां बांधा। संचालन पवन बहादुर ने किया।

इस मौके पर महोत्सव समिति के अध्यक्ष राजू सार्की,कार्यकारी अध्यक्ष शेखर गोरखा, शिवम सार्की, सचिन गोरखा,भुवन बहादुर,संजय थापा,हरीश सार्की,अजय गोरखा, सुमित गोरखा, मुकेश सार्की,शरद गोरखा, विनोद गोरखा,रवि गोरखा, मोहित गोरखा ,रांबिन गोरखा मौजूद रहे।

## बलुवाकोट पुलिस ने रेत से भरी पिकअप पकड़ी

पिथौरागढ़। बलुवाकोट पुलिस ने अवैध खनन सामाग्री से भरी पिकप पकड़ी है। थानाध्यक्ष अनिल आर्या के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान मार्ग में आवाजाही कर रही पिकप संख्या यूके05सीए 2012को पुलिस ने रोका। जांच के दौरान चालक बलुवाकोट निवासी किशोर कुमार बगैर वैध दस्तावेजों के रेत परिवहन करता हुआ पाया गया।

पुलिस ने खान व खनन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज किया और चालक को निजी मुचलके पर छोड़ दिया।



# सड़क किनारे कूड़े के ढेर से लोग परेशान

पिथौरागढ़। जाजरदेवल क्षेत्र में सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन गए हैं। स्थानीय निवासी संजय का कहना है कि जिला पंचायत की ओर से जगह–जगह सड़क किनारे कूड़ेदान लगाए गए हैं, लेकिन उक्त कूड़ेदानों से 20–20 दिन तक कूड़े का निस्तारण नहीं हो रहा है। इससे आसपास का वातावरण दूषित हो गया है। कहा कि दुर्गंध के चलते लोगों के लिए पैदल आवाजाही भी मुश्किल हो गई है। उन्होंने प्रशासन से मामले का संज्ञाल लेकर कूड़ा निस्तारण की मांग की है।

# डिग्री कॉलेज मार्ग में शौचालय खोलने की मांग उठी

चम्पावत। डिग्री कोलेज मोटर मार्ग बाडीगाड़ के पास शौचालय निर्माण की मांग लोगों ने नगर पालिका और एसडीएम से की है। लोगों ने जल्द मार्ग में शौचालय खोलने की मांग उठाई। नगर पालिका सभासद राजकिशोर साह के साथ लोगों ने कहा कि वह वर्षों से डिग्री कॉलेज मार्ग में शौचालय खोलने की मांग उठा रहे हैं, लेकिन अब तक पूरी नहीं हो पाई। उन्होंने बताया कि नगर के स्टेशन बाजार से डीग्री कॉलेज करीब दो किलोमीटर से ज्यादा है, लेकिन रास्ते में एक भी शौचालय के न होने के कारण लोगों और छात्र–छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा यह स्थल भी है। जहां बाहरी क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग घूमने आते हैं। शौचालय न होने के कारण लोगों को खुले में शौच करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

सभासद ने कहा कि सरकार स्वच्छता के नाम पर हर साल खूब बजट देती है, लेकिन एक अदद शौचालय बनाने में असमर्थ है। लोगों ने स्वच्छता मिशन के तहत शौचालय निर्माण की मांग की।

### महेश मित्तल बने अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष

रुद्रपुर। अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल गोयल ने सामाजिक कार्यकर्ता महेश मित्तल को अग्रवाल महासभा उधम सिंह नगर के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। शनिवार को हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में कुमाऊंप्रभारी विजय भूषण गर्ग, कैलाश अग्रवाल, राजेश बंसल, भगवान सहाय अग्रवाल की मौजूदगी में हल्द्वानी, अल्मोड़ा व उधम सिंह नगर के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। जिला महामंत्री पद पर रुद्रपुर के अतुल बंसल, जिला कोषाध्यक्ष पद पर खटीमा के रंजन अग्रवाल व जिला संगठन मंत्री का दायित्व नितेश गुप्ता को दिया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महेश मित्तल ने प्रदेश संगठन का आभार जताया । उन्होंने कहा कि संगठन हित में समाज के सभी अग्र बंधुओ को एक साथ एक जुट कर समाज को और आगे ले जाने व महाराजा अग्रसेन जी के आदर्श समाज की संरचना को और उंचाइयों पर पहुँचाने का प्रयास करेंगे।

## बेटी के नामकरण संस्कार पर रोपे पौधे

बागेश्वर। पर्यावरण संरक्षण एवं बालिका सम्मान के लिए दशकों से बालिका जन्म पर दो पौधों का रोपड़ किया जाता है।

देवकी लघु वाटिका मंडलसेरा में रविवार को बेटी के नामकरण संस्कार पर नवजात के माता– पिता प्रशांत सिंह मलड़ा, मनीषा मलड़ा ने नागकेसर एवं बरगद के पौधों का रोपण किया। बसंत बल्लभ जोशी ने पूजा अर्चना संपन्न कराई।

इस मौके पर देवकी देवी, किशन मलड़ा, रमा देवी, ममता मलड़ा, टीना मलड़ा, प्रकृति सिंह, दीपा देवी,आशा खेतवाल,पार्वती डसीला आदि मोजूद रहे।

# ज्ञानार्थी मीडिया के डांडिया कार्यक्रम में खूब झूमे लोग



काशीपुर। नवरात्र के उपलक्ष्य में कोर्ट रोड स्थित ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में डांडिया नाइट में आयोजकों के साथ अतिथि भी जमकर झूमे।

देर रात तक लोग थिरकते नजर आए। ज्ञानार्थी में डांडिया नाइट कार्यक्रम का शुभारम्भ महापौर ऊषा चौधरी, कालेज चेयरमैन संतोष मेहरोत्रा,सचिव शिवानी मेहरोत्रा, अकेडमिक डॉयरेक्टर मनोज मिश्रा, कामाक्षी सिंह, मुक्ता सिंह, राहुल पैगिया ने मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया।

महापौर ऊषा चौधरी और भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष राहुल पैगिया ने सभी को नवरात्र की शुभकामनाएं दीं। डांडिया में मेहमान कलाकार मयंक गुप्ता आदि ने मधुर गीत पेश किए। कॉलेज के छात्र–छात्राओं समेत महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने अलग–अलग टोलियां बनाकर शानदार प्रस्तुति दी। रंग बिरंगे परिधानों में सजी अतिथि महिलाओं और युवक–युवतियों ने गरबा प्रस्तुत किया। वहां प्रतिमा सिंह, सतीश कांडपाल, सुबोध कुमार सिंह, डॉ.वरुण मोहन गुप्ता, पंकज टंडन, अनुज भाटिया, प्रदीप सपरा, संदीप सहगल, दिलप्रीत सेठी, गुरविंदर चंडोक आदि थे।

# सैलानियों से नैनीताल गुलजार, वीकेंड पर फुल हुए होटल



सैलानियों से गुलजार हुआ नैनीताल

नैनीताल। वीकेंड पर सैलानियों की भीड़ उमड़ने से सरोवर नगरी के अधिकांश होटल पैक हो गए हैं। जिसके चलते नगर की रंगत में निखार आ गया है। दशहरा तक दिन सैलानियों की आमद में बढ़ोतरी रहेगी। नगर सैर के लिए शुक्रवार से सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया था, जो शनिवार देर शाम तक जारी रहा। काफी संख्या में बंगाली सैलानी पहुचे हुए हैं। पार्किंग फुल हो जाने से नगर का यातायात प्रभावित हुआ। पार्किंग की तलाश में सैलानी मशक्कत करते नजर आए। चिड़ियाघर व स्नो व्यू मार्ग में कई बार जाम लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लगातार बढ़ते लोगों के चलते यहां पर जाम की भी समस्या खड़ी हो रही है।

सैलानियों की भीड़ उमड़ने से पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार रहे। स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, चिड़ियाघर, केव गार्डन, बोटनिकल गार्डन, वाटरफाल, हनुमानगढ़ी व सरिताताल में पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही बनी रही। मालरोड में भी चहल कदमी करने वाले सैलानियों की भीड़ रही।

**हनुमानगढ़ी में मौसम का लुफ्त उठा रहे सैलानी**

नैनीताल में नौका विहार करने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। शाम के समय सूर्यास्त का आनंद उठाने के लिए हनुमानगढ़ी में काफी संख्या में सैलानी पहुंचे हुए थे। इन दिनों मौसम ठंडा होने से लोग भारी संख्या में यहां पहुंच रहे हैं।

## भिक्षावृत्ति रोकथाम को अभियान चलाया

पिथौरागढ़। सीमांत में भिक्षावृत्ति रोकथाम को पुलिस ने विभिन्न संगठनों के साथ अभियान चलाया। एसपी लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर एएचटीयू की हेड कांस्टेबल तारा बोनाल के नेतृत्व में कार्ड संस्था, घनश्याम ओली चाइल्ड वैलफेयर सोसायटी, चाइल्ड लाइन, करूणा संस्था ने शहर भर में भिश्रावृत्ति में लिप्त 15से20 बच्चे सहित उनके परिजनों को पकड़ा। बाद में टीम ने उक्त लोगों को सीडब्ल्यूसी के समक्ष पेश किया। यहां हेड कांस्टेबल दीपक खनका, प्रेमा सुतेड़ी, ललिता पंत, हेमा कापड़ी, लक्ष्मण सिंह, बबीता, निर्मला पाण्डे आदि मौजूद रहे।

## इंटरनेट के सही इस्तेमाल न होने से होगा दुष्प्रभाव : चिल्कोटी

चम्पावत। नेपाल सीमा से लगे जीआईसी दिगालीचौड़ और रौशाल में बलिदानी सैनिक शिरोमणी चिल्कोटी बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट ट्रस्ट की ओर से कॅरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया गया। जिसमें स्वरोजगार और विभिन्न प्रतियोगिताओं के टिप्स दिए गए।

ट्रस्ट के संस्थापक जनार्दन चिल्कोटी ने ट्रस्ट के उद्देश्यों की जानकारी देने के साथ ही विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 11 और 12 वीं के विद्यार्थियों को लगनशीलता के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर अथक प्रयास करने की जरूरत बताया। उन्होंने ग्रुप स्टडी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इंटरनेट के सही इस्तेमाल नहीं होने पर उसके दुष्पभाव के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। परिवेश में नशे की बढती हुई प्रवृति से दूर रहने की सलाह दी। इस दौरान डाइट के प्रवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव ,सेवानिवृत शिक्षक शंकर गिरी गोस्वामी ने प्रतियोगी परीक्षा को लेकर जागरूक किया क यहां जीआईसी दिगालीचौड के प्रधानाचार्य घनश्याम भट्ट, डॉ. सुधाकर जोशी, बृजेश ढेक, भगवती भट्ट, देवेंद्र बिष्ट, मुकेश रेंसवाल मौजूद रहे।

# बाजार में खरीदारी को उमड़ी भीड़, दिन भर लगा रहा जाम



विकासनगर। त्योहारी खरीदारी के लिए रविवार को शहर के बाजारों में जमकर भीड़ उमड़ी। नतीजतन राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लग गया। मुख्य बाजार के हालात ऐसे हो गए कि पैदल निकलने के लिए भी लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

आलम यह था कि महिलाओं की गोद लिए बच्चे वाहनों के शोर से बिलख पड़े। दुर्गा अष्टमी, रामनवमी और विजयदशमी की खरीदारी के लिए रविवार सुबह दस बजे से ही बाजार में भीमड़ उमड़ने लगी थी। आलम यह था कि शहर के डाकपत्थर चौराहे से गीता भवन तक वाहन रेंगते हुए नजर आए। वाहनों की लंबी कतार लगी होने के कारण राहगीरों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। बुजुर्ग, महिलाएं बच्चे जहां तहां खड़े दिखाई दिए। वाहनों के हॉर्न का शोर, धुआं और भीड़ देख गोद वाले बच्चे भी विलख पड़े। महिलाओं ने बच्चों को चुप कराने के लिए दुकानों के खिलौने, कपड़े आदि का सहारा लिया। कुछ महिलाएं तो भीड़ में बच्चों के लिए पानी भी मांग रही थी। वहीं ई–रिक्शा में बैठी सवारियां घंटों जाम में फंसी रहीं तो उतरकर उन्होंने भी पैदल निकलना ही उचित समझा। हरबर्टपुर, सहससपुर, सेलाकुई में भी जाम के हालात दिनभर बनते रहे। इस बीच लोगों ने जमकर खरीददारी भी की।

**महिलाओं ने जमकर खरीदारी की**

यूं तो शहर में रविवार को हर बाजार में भीड़ रही। इलेक्ट्रॉनिक्स सामान से लेकर झालर तक की बिक्री हुई, लेकिन साड़ी, मेकअप का सामान और चूड़ियां खरीदती हुईं महिलाएं हर बाजार में दिखीं। साड़ियों में महिलाओं ने रेडीमेड वीयर, सीक्वेंश साड़ियां, कलकत्ता लाइट वर्क, बैंगलौर, हल्के लांचे, हल्के लहंगे, पैपलम ड्रेसेज और कैटलॉग की साड़ियों की जमकर खरीदारी की। इसके अलावा सभी तरह की सिल्क की साड़ियों की डिमांड भी काफी रही। चूड़ियों के साथ कड़े, झुमके, बिंदी, मेकअप का सामान भी खूब बिका। बुधवार को अच्छी खासी बिक्री होने से दुकानदार भी काफी खुश नजर आए।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

हरिद्वार।। कनखल क्षेत्र में सड़क हादसे में टिबड़ी निवासी युवक की मौत हो गई। जबकि उसके दो साथियों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। मजिस्ट्रेट की अनुमति के बाद बिना पोस्टमार्टम कराए शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मौत से परिवार में कोहराम मचा है। कनखल पुलिस के मुताबिक, राहुल कश्यप (18) पुत्र सतीश कश्यप निवासी संजय नगर टिबड़ी शनिवार रात अपने दोस्त को छोड़ने के लिए बैरागी कैंप मोटरसाइकिल से जा रहा था। बैरागी कैंप में घूमाव पर पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित हो गई। जिससे उसके पीछे बैठे वरुण और अंशुल राणा छिटककर पीछे की तरफ गिर गए। राहुल कश्यप बाइक के साथ आगे गड्ढे में जा गिरा। सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में भिजवा दिया। एसएसआई बबलू चौहान ने बताया कि मजिस्ट्रेट की अनुमति के बाद बिना पोस्टमार्टम कराए शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# सेवा भारती एक नवंबर से केंद्रों का सर्वेक्षण करेगी

विकासनगर। सेवा भारती एक से दस नवंबर तक सेवा दिशा ऐप के माध्यम से सभी केंद्रों का सर्वेक्षण करेगी। नवंबर माह के अंत में केंद्रों पर होने वाले वार्षिकोत्सव की तैयारियों को लेकर सेवा भारती की बैठक में चर्चा की गयी। सेवा भारती जिला विकासनगर की एक बैठक संजीवनी फॉर्म डोगरी में आयोजित की गई। जिसमें आगामी नवंबर तक के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम में अष्टमी नवमी के दिन कन्या पूजन कार्यक्रम, दूसरा भगिनी निवेदिता जयंती कार्यक्रम, वाल्मीकि जयंती, एक नवंबर से दस नवंबर तक सेवा दिशा ऐप के माध्यम से सभी केंद्रों का सर्वेक्षण करने तथा नवंबर के अंत में सभी केंद्रों का वार्षिक उत्सव की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही नए बाल संस्कार केंद्र और सिलाई केंद्र सोरना डोभरी, रुद्रपुर और देवथला खोलने की योजना तैयार की गई। विकासनगर जिले के प्रवास पर आए सेवा भारती के क्षेत्र संगठन मंत्री अनिल के द्वारा सभी कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने सभी संस्कार केंद्र पर चलाए जा रहे कार्यक्रमों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्कार केंद्रों पर भारत माता प्रणाम, ब्रह्मनाद, सरस्वती वंदना, गायत्री मंत्र से शुरू करने और प्रत्येक दिन होने वाले कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया, जिसमें योगासन बैठे योग, विविध प्रकार के खेल बोधकथा शामिल हैं। सेवा भावना गीत, प्राणायाम, उद्घोष, शिशु गीत, इस वंदना, भोजन मंत्र, समापन के समय कल्याण मंत्र आदि के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया। बैठक में सेवा भारती की कार्यकारिणी के विस्तार के पर भी चर्चा हुई, जिसकी अगली बैठक 29 अक्तूबर को विकासनगर में आयोजित की जायेगी। बैठक में उपस्थित क्षेत्र संगठन मंत्री अनिल ने विभाग संगठन मंत्री देवराज, विभाग अध्यक्ष इंद्र सिंह नेगी, सेवा भारती मात्र मंडल की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता भट्ट, जिला अध्यक्ष रविंद्र रमोला, जिला शिक्षा आयाम प्रमुख रणजीत चौहान, प्रधानाचार्य रविंद्र सैनी, प्रधानाचार्य श्री कनीराम भट्ट, अनमोल सैनी, ममता रावत, बीना आदि शामिल रहे।

## सुबह से उर्जा निगम की बिजली कटौती शुरू

हल्द्वानी। हर रोज होनें वाली बिजली कटौती से लोगो को राहत नही मिल रही है। रविवार सुबह 9 बजे से उर्जा निगम ने नैनीताल रोड के दो फिडर से आपूर्ति बंद की है। राजपुरा और तिकोनिया फिडर से जुडे क्षेत्रों में रहने वाले लोगो को दिन भर परेशानियों का सामना करना पडेगा। यहां लाइन मेंटिनेंस के लिए लॉपिंग चॉपिंग का कार्य किया जा रहा है। उर्जा निगम के उपखंड अधिकारी नीरज पांडे के अनुसार शाम चार बजे कार्य पूरा होने के बाद सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

# अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ छूट किसानों के हितों पर चोट

नई टिहरी। उतराखंड किसान सभा की टिहरी जिला कौंसिल ने केन्द्र की मोदी सरकार के चना,दाल, बादाम, अखरोट, सेब, बोरिक एसिड और डाइग्नोस्टिक सहित विभिन्न अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ कम करने के फैसले को भारतीय किसानों व उपभोक्ताओं के हितों पर चोट बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। किसान सभा ने कहा कि सरकार के इस कदम से भारतीय बाजार अमेरिकी उत्पादों से पट जायेंगे।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में किसान सभा के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह राणा और जिला सचिव कृपाल सिंह कठैत ने कहा कि मोदी सरकार ने यह फैसला विश्व व्यापार संगठन में लंबित व्यापार विवाद को सुलझाने के नाम पर लिया है। जबकि सर्वविदित है कि अमेरिका व यूरोपीय संघ अपने लाभ के लिए विश्व व्यापार संगठन के विवाद समाधान तंत्र का उपयोग कर रहे हैं। किसान सभा ने विश्व व्यापार संगठन से कृषि के क्षेत्र को इससे बाहर करने की मांग की है। किसान सभा नेताओं ने कहा कि एक अमेरिकी किसान को 61,286 डॉलर की सब्सिडी मिलती है, जबकि एक भारतीय किसान को मात्र 282 डॉलर की। बावजूद अमेरिका व यूरोपीय संघ यहां के किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की प्रणाली से वंचित करना चाहते हैं। ऐसे में अमेरिकी व भारतीय किसानों के बीच किसी भी प्रकार की प्रतियोगिता की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उस पर अमेरिकी उत्पादों पर शुल्कों में कटौतियां, भारतीय किसानों के हितों के आत्मसमर्पण के सिवा और कुछ नहीं है। कहा कि वर्ष 2020 से मुक्त व्यापार समझौते के नाम पर अमेरिका के लिए भारतीय बाजार के दरवाजे पोल्ट्री व डेयरी उत्पादों के लिए खोलने के दुष्परिणाम सामने आये हैं। क्योंकि भारतीय किसानों की आय में 25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

## फैंसी ड्रेस पहनकर बच्चों ने किया डांडिया डांस

ऋषिकेश। पेन–इंडिया स्कूल भानियावाला में नवरात्र और दशहरा उत्सव की धूम रही। इस दौरान बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस, डांडिया डांस, ड्राइंग और क्राफ्ट एक्टिविटी का आयोजन किया गया। शारदीय नवरात्र और दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में पेन–इंडिया स्कूल भानियावाला में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने अस्त्र–शस्त्र के साथ मां दुर्गा के भव्य स्वरूप की झांकी सजाई। सभी बच्चों ने डांडिया गीतों पर खूब डांस किया। इसके अलावा नवरात्र की थीम पर ड्राइंग और क्राफ्ट एक्टिविटी आयोजित की गई। बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से रामायण दिखाई गई। शिक्षिकाएं ऋतु शर्मा, दीपालिका नेगी, दीपाली तोपवाल, निर्मला गुसाईं, राज्यश्री कठैत और सीमा चौहान ने बच्चों को नवरात्र व दशहरा पर्व के महत्व के बारे में बताया।

# निशान यात्रा में खाटू श्याम के भजनों पर नाचे श्रद्धालु



विकासनगर। खाटू श्याम भक्त मंडली की ओर से रविवार को सेलाकुई में भव्य विशाल निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत हुआ। निशान यात्रा में श्रद्धालुओं ने जमकर रंग–गुलाल उड़ाया। मंदिर में पहुंचकर बाबा खाटू श्याम को निशान अर्पण किए। प्राचीन शिव मंदिर शुरू हुई निशान यात्रा शहर के कई इलाकों से होकर गुजरी। यात्रा में श्याम बाबा की भक्ति गीतों में भक्त सराबोर हो गए। पुष्प वर्षा के बीच भक्तों ने नृत्य करते हुए बाबा के जयकारे लगाए। इस दौरान जगह–जगह यात्रा का स्वागत सत्कार किया गया। निशान यात्रा में शामिल श्याम प्रेमी हाथों में श्री श्याम बाबा का निशान लेकर बाबा की भक्ति में खोकर नृत्य करते हुए चल रहे थे। आगे आगे पीत वस्त्रों में महिलाएं हाथों में ध्वज लिए चल रही थीं, जबकि श्याम प्रेमी भजनों पर नृत्य कर रहे थे। इसके पीछे भव्य रूप से सजे वाहन में बाबा श्याम विराजमान थे। निशान यात्रा शिव मंदिर से शुरु होकर हरिपुर, निगम रोड, मुख्य बाजार होते हुए बाबा खाटू श्याम के मंदिर में पहुंची। निशान यात्रा पर जगह–जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत कर श्याम प्रेमियों को जलपान और प्रसाद वितरित किया। मंदिर में यात्रा के पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने बाबा को निशान चढ़ाए। यात्रा में अनुज, अमन, राधिका, सुनीता, गौरी, पायल, काजल, रिचा, प्रिया अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# कोटी, मंडोली सिमोग मोटर मार्ग बदहाल



विकासनगर। कालसी ब्लॉक के अंतर्गत कोटि कॉलोनी, मंडोली, सिमोग मोटर मार्ग पर पेंटिंग जगह–जगह उखड़ चुकी है। जिससे मार्ग पर बड़े बड़े गढ्ढे बने हुए हैं। मार्ग पर बने गड्ढे दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। जिस पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं दोपहिया वाहन आये दिन दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से लोग चोटिल हो रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों सिकंदर, गंभीर चौहान, श्याम सिंह, चतर सिंह आदि का कहना है कि पिछले दो वर्षों से सड़क का यही हाल है, लेकिन लोक निर्माण विभाग इस पर अमल नहीं कर रहा है। बरसात में भी गड्ढों में पानी जमा रहने से कई दोपहिया वाहन चालक धोखा खाकर दुर्घटनाग्रस्त चुके हैं। बताते चलें कि इस मोटर मार्ग से करीब एक दर्जन गांव कोटि, पाटा, लेल्टा, मंडोली, परियाड, सिमोग, टिकरी, कोटा, डिमऊ कंपाणी, आदि के ग्रामीण प्रतिदिन आवागमन करते हैं। वहीं परीयाड गांव के समीप भी सड़क जगह–जगह उखड़ चुकी है, लेकिन लोक निर्माण विभाग के कोई भी अधिकारी क्षेत्र की सड़कों की सुध लेने को तैयार नहीं हैं। एक बार मोटर पर डामरीकरण हो जाए उसके बाद विभाग फिर कभी मुड़कर सड़क को देखते तक नहीं है, जिसका खमियाजा दुर्घटना के रूप में ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है। सिद्धपीठ सिमोग में दशहरे के दिन शिलगुर बिजट महाराज के दर्शन के लिए हज़ारों श्रद्धालु इसी मोटर मार्ग से आवागमन करेंगे। जिनको बदहाल मार्ग पर आवगमन करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं बरसात के दौरान मार्ग पर कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण मार्ग धंस चुका है, जिससे मार्ग संकरा हो चुका है कई जगहों पर मलबा पड़ा है जो अभी तक नहीं हटाया गया है। अधिशासी अभियंता लोनिवि साहिया प्रत्यूष कुमार का कहना है कि मार्ग के सुधारीकरण के लिए एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा गया है। बजट स्वीकृत होने पर सुधारीकरण का कार्य किया जायेगा।

## पूर्व सीएम ने महासू मंदिर हनोल में पूजा अर्चना कर मत्था ठेका

विकासनगर( आरएनएस)। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने दो दिवसीय जौनसार बावर क्षेत्र दौरे के दूसरे दिन महासू देवता मंदिर हनोल पहुंचकर पूजा–अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना कर देवता का आशीर्वाद लिया। पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को तहसील के अणु गांव में एक शादी समारोह में शिरकत की। रविवार सुबह पुर्व सीएम ने हिमाचल प्रदेश के हाट कोटी में हाटेशवरी मन्दिर में दुर्गाष्टमी पूजा अर्चना करने गये। महासू देवता मंदिर हनोल में देवता के दर्शन कर उन्होंने कहा कि महासू देवता न्याय के देवता उनके कार्यकाल के दौरान महासू मन्दिर को पांचवें धाम की प्रक्रिया के रूप मे मास्टर प्लान रूप–रेखा नियोजन चरण में थी। कहा कि अब प्रधानमंत्री ने हनोल दिव्य भव्य बनाने के लिए मास्टर प्लान स्वीकृति कर दिया। जिसे शीघ्र मूर्त रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख कालसी मठोर सिंह, प्रभारी तहसीलदार गयार दत्त जोशी, प्रबन्धक नरेंद्र नौटियाल, विक्रम सिंह, रोशन लाल, जय किशन जोनी आदि मौजूद रहे।

# डोईवाला में होगा 55 फुट के रावण के पुतले का दहन



ऋषिकेश। पात्र दशहरा मेला संगठन एवं क्रीड़ा समिति डोईवाला की ओर से प्रसिद्ध समाजसेवी स्व. ललित बाली की स्मृति में दशहरा मेला एवं रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मेले में 55 फीट के रावण, 45 फीट के मेघनाथ के पुतले के साथ ही लंका दहन होगा। डोईवाला दशहरे मेले की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं।

पात्र दशहरा मेला संगठन के सचिव राजेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस वर्ष दशहरे मेले के तहत केश-ावपुरी बस्ती मेला ग्राउंड में 55 फीट के रावण, 45 फीट के मेघनाथ के पुतले तैयार किए जा रहे हैं। मुख्य अतिथि मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल, अति विशिष्ट अतिथि राम अवतार महावर, जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका डोईवाला सुमित्रा मनवाल, रामेश्वर हवेलिया आदि रहेंगे। संगठन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद लोधी एवं उपाध्यक्ष गौरव मल्होत्रा ने बताया कि दशहरा मेले के आयोजन में सर्वप्रथम डोईवाला के प्रेमनगर बाजार स्थित शिव मंदिर से शिव–पार्वती, राम–सीता, लक्ष्मण, हनुमान की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह मिल चौक, मिल रोड, रेलवे रोड, ऋषिकेश रोड होते हुए गोवर्धन मंदिर से केशवपुरी स्थित दशहरा मेला ग्राउंड में संपन्न होगी।

# छात्रों ने फ्रेशर पार्टी में विधायक को बुलाने की मांग उठाई

नई टिहरी। बालगंगा महाविद्यालय सेंदुल में छात्रों की ओर से आयोजित होने वाली फ्रेशर पार्टी में क्षेत्रीय विधायक को आमंत्रित करने हेतु महाविद्यालय प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं दिए जाने पर छात्र नेता भड़क गये।

छात्रों ने प्राचार्य का घेराव कर फ्रेशर पार्टी में विधायक को आमंत्रित किये जाने की इजाजत देन की मांग की है। घनसाली के बालगंगा महाविद्यालय सेंदुल के छात्रों ने फ्रेशर पार्टी में विधायक शक्तिलाल शाह को आमांत्रित करने की मांग को लेकर प्राचार्य वीसी उनियाल का घेराव किया।

छात्रसंघ अध्यक्ष आशुतोष बिष्ट का कहना महाविद्यालय में एबीवीपी से जुड़े छात्र नेता द्वारा बीए व बीएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्र–छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन करना चाहते हैं। छात्रों की ओर से क्षेत्रीय विधायक को पार्टी में मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाये जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। लेकिन प्राचार्य की ओर से विधायक को आमांत्रित करने की अनुमिति नहीं दिये जाने से छात्रों में रोष बना है। छात्रों ने प्राचार्य से फ्रेशर पार्टी में विधायक को बुलाये जाने की मांग की है। वहीं प्राचार्य वीसी उनियाल का कहना कि यह कोई छात्रसंघ का वार्षिक समारोह नहीं है, मात्र छात्रों की फ्रेशर पार्टी है, जिसका आयोजन सामान्य ढंग से होना चाहिए।

## वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश

नई टिहरी।डीएम मयूर दीक्षित ने बीती 30 सितम्बर को चम्बा–कखवाड़ी मोटर मार्ग पर कखवाड़ी के पास हुई मैक्स वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के लिए समिति गठित कर एसडीएम टिहरी को जांच समिति का अध्यक्ष नामित कर पंद्रह दिन के भीतर जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि दो लोग घायल हो गए थे। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए डीएम ने जांच समिति गठित कर एसडीएम टिहरी को जांच समिति का अध्यक्ष तथा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी तथा अधिशासी अभियन्ता लोनिवि को सदस्य नामित किया है।

# चांद अफजल कादरी ने भजन— कव्वालियों पर बटोरी तालियां



नई टिहरी। कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले के सातवें दिन की सांस्कृतिक संध्या पर कव्वाल चांद अफजल कादरी ने अपनी टीम के साथ भजन और कव्वालियों की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। इसके साथ ही गढ़वाली गायकों ने विभिन्न प्रस्तुति देकर दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। नरेन्द्रनगर में मां कुंजापुरी पर्यटन विकास मेले में शनिवार की सांस्कृतिक संध्या मशहूर कव्वाल चांद अफजल कादरी के नाम रही। चांद कादरी ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत देशभक्ति गाने से की। जिसके बाद उन्होंने राधा कृष्ण भजन, मेरी जान जाए वतन के लिये, पनिया भरन को गई मैं, मेरे मौला मेरे अल्लाह के साथ कई कव्वालियों की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। इसके साथ लोक गायक इंदर आर्य, माया उपाध्याय ने क्रीम पाउडर, मेरु लहंगा, हे मधु, एक केतली चाय सहित अन्य गानों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को पंडाल में नाचने को मजबूर कर दिया। दर्शकों ने करीब ढाई बजे रात तक सांस्कृतिक कार्यकमों का लुप्त उठाया।

मौके पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, मेला अध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार, ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र भंडारी, खेल अध्यक्ष साकेत बिजल्वाण, ऋषिकेश मंडी समिति अध्यक्ष विनोद कुकरेती, मेला सचिव देवेंद्र सिंह नेगी, तहसीलदार अयोध्या प्रसाद उनियाल, ममता, विनीता, सरिता जोशी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना करना जरूरी: ब्रह्माकुमारी

चमोली। ब्रह्मा कुमारीज के मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान के तत्वावधान में जोशीमठ में समाज में नैतिक मूल्यों पर जागरूकता, मानव विकारों को दूर करना, शिव रूपी आनन्द के मार्ग को प्राप्त करने पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माउंट आबू से पहुंचे ब्रह्मा कुमार वीरेंद्र ने बताया कि यह अभियान 15 अक्तूबर को श्रीनगर से चलकर कर्णप्रयाग, गैरसैंण, रुद्रप्रयाग, गोपेश्वर और चौखुटिया होते हुए आज जोशीमठ पहुंचा है। जिसका समापन 5 नवंबर को उत्तरकाशी में किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य समाज में भारतीय संस्कृति के समाप्त हो रहे नैतिक मूल्यों को पुनर्स्थापित करना है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. ईवी स्वामीनाथन ने कहा कि हम जो कर्म करते हैं अगर खुशी से करेंगे तो यही समाज की सच्ची सेवा है। चाहे बॉर्डर पर खड़ा जवान हो या खेतों में काम करने वाला किसान हो या ज्ञान देने वाला शिक्षक अगर सभी ईमानदारी निष्ठा से अपना कर्तव्य पालन करते हैं तो यही उनकी समाज के लिए श्रेष्ठ सेवा है। मुख्य अतिथि नपाअ शैलेंद्र पंवार जोशीमठ ने ब्रह्माकुमारी भाई बहनों को अपना जीवन समाज के लिए समर्पित करने के लिए धन्यवाद दिया।कहा कि जोशीमठ जैसे सीमांत नगर में इस प्रकार के कार्यक्रम किए जाने स्वागत योग्य हैं। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी उषा ,ब्रह्माकुमारी ज्योति,, अरविंद पंत , प्रदीप चैहान ,ब्रह्मा कुमार वीरेंद्र, प्रोफेसर ईवी गिरीश , ब्रह्माकुमार प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## केंद्रीय विद्यालय का भवन निर्माण जल्द शुरू होगा

नई टिहरी। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि नई टिहरी केंद्रीय विद्यालय का भवन निर्माण जल्द शुरू होगा। 10 करोड़ की लागत से बनने वाला यह भवन 2010 से निरंतर कतिपय अड़चनों के चलते अटका पड़ा था। जिसे लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सीएस एसएस संधु सहित दिल्ली तक वार्ता की गई है।

## अमेरिका ने फ़िलिस्तीनी–इज़रायली संघर्ष पर संरा सुरक्षा परिषद को मसौदा प्रस्ताव किया वितरित

**न्यूयॉर्क ,(एजेंसी)** । अमेरिका ने गाजा पट्टी में जारी संघर्ष पर एक मसौदा प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को वितरित किया है, जिसमें हमास की निंदा की गई है और इजरायल के आत्मरक्षा के अधिकार को मान्यता दी गई है, लेकिन युद्धविराम का आह्वान नहीं किया गया है। संरा सुरक्षा परिषद के एक सूत्र ने बताया, 'अमेरिका ने लगभग एक घंटे पहले एक मसौदा वितरित किया है।'इस मसौदे में कहा गया है कि अमेरिका सात अक्टूबर को इज़रायल में हमास और अन्य आतंकवादी समूहों द्वारा किए गए जघन्य आतंकवादी हमले को स्पष्ट रूप से खारिज और निंदा करता है। मसौदा प्रस्ताव इजरायल के व्यक्तिगत और सामूहिक आत्मरक्षा के अंतर्निहित अधिकार की भी पुष्टि करता है और हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई का आह्वान करता है। साथ ही नागरिकों की सुरक्षा सहित अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का सम्मान करता है।उधर, रूस और ब्राज़ील ने पहले ही मसौदा प्रस्तावों को वीटो कर दिया है।

## इजरायल ने अल अंसार मस्जिद पर की बड़ी एयरस्ट्राइक, सेना का दावा– हमास ने बनाया था कमांड सेंटर

**यरुशलम ,(एजेंसी)** इजरायली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने रविवार को कहा कि उसने वेस्ट बैंक के जेनिन में अल–अंसार मस्जिद के एक भूमिगत परिसर पर हवाई हमला किया। आईडीएफ ने कहा कि इस साइट का इस्तेमाल हमास और इस्लामिक जिहाद आंदोलनों के सदस्यों द्वारा किया जाता था। आईडीएफ ने कहा, आईडीएफ और आईएसए (इज़रायल सिक्योरिटीज अथॉरिटी) ने इस हमले को अंजाम दिया।

## उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता का सनसनीखेज खुलासा, अपने ही परिवार पर लगाए गंभीर आरोप

**उन्नाव ,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में 2017 के उन्नाव बलात्कार पीड़िता ने अपने रिश्तेदारों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन पर सरकार और गैर सरकारी संगठनों से मिले पैसे हड़पने और उन्हें घर से बाहर निकालने का आरोप लगाया गया है। गौरतलब है कि इस मामले में 2019 में तत्कालीन बीजेपी विधायक कुलदीप सेंगर को दोषी ठहराया गया था। एएसपी शशि शेखर सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर माखी थाने में उनके चाचा, मां, बहन और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

एएसपी ने कहा, मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शिकायत में महिला ने आरोप लगाया कि उसे अपने परिवार से धमकियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने आरोप लगाया, जब मैंने अपने खर्चों के लिए पैसे मांगे, जो मुझे अदालत के आदेश पर सरकार और गैर सरकारी संगठनों द्वारा दिए गए थे, तो मेरे चाचा ने कहा कि मामले पर 7 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं और प्राप्त धन पर्याप्त नहीं है। महिला ने बताया कि उनके चाचा हत्या के प्रयास के एक मामले में तिहाड़ जेल में 10 साल की सजा काट रहे हैं।उन्होंने अपनी शिकायत में कहा, उनके निर्देश पर मेरी मां और बहन मेरे पति की जान की दुश्मन बन गई हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें और उनके पति को सरकार से मिले घर से बाहर निकाल दिया गया। उन्नाव के माखी रेप केस में विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सजा दिलाने में पीड़िता के चाचा ने अहम भूमिका निभाई थी।

# कांग्रेस–सपा की रारः अखिलेश मप्र में उतार सकते हैं 50 प्रत्याशी

**लखनऊ, एजेंसी।** मप्र के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और सपा अलग–अलग चुनाव लड़ने जा रहे हैं। इंडिया गठबंधन के बनने के बाद ऐसा लग रहा था कि यह दोनों पार्टियां वोटों का बंटवारा रोकने के लिए चुनावी समझौता कर सकती है। चुनावी समझौता तो नहीं हुआ लेकिन इन दोनों पार्टियों के बीच तल्खी इतनी बढ़ गई कि राहुल गांधी को अखिलेश यादव को फोन करना पड़ा।

सूत्रों के अनुसार राहुल और अखिलेश की बात के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनावों के लिए है ना कि राज्यों के चुनावों के लिए। लेकिन दोनों पार्टियों के नेताओं को एक–दूसरे के लिए ऐसी भाषा का प्रयोग करने से बचना चाहिए जो आपस में तल्खी पैदा करे और बीजेपी को हमले करने के अवसर दे। अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि कांग्रेस और सपा दोनों ही मप्र सहित किसी भी राज्य के चुनाव में किसी तरह की सीट शेयरिंग पर बात नहीं करने जा रहे हैं। पांच राज्यों के चुनाव परिणामों के बाद जब देश में आम चुनावों की तैयारी शुरू हो जाएंगी तब यह दोनों पार्टियां एक दूसरे से लोकसभा चुनावों पर चर्चा करेंगी।

सपा अब मप्र के चुनावों को लेकर गंभीर हो गई है। करीब 33 सीटें ऐसी हैं जहां सपा ने अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं। सूत्रों के अनुसार इस विवाद के बाद सपा अपनी प्रत्याशियों की संख्या बढ़ाने जा रही है। 50 ऐसी सीटें हो सकती हैं जहां से सपा अपने उम्मीदवार खड़े करे। राजनीतिक जानकार यह बात कहते हैं कि सपा इतनी सीटों पर अपना प्रभाव नहीं रखती है लेकिन इस विवाद के बाद वह जरूर अपनी राजनीतिक ताकत दिखाना चाहेगी।



सपा और कांग्रेस का गठबंधन बनते–बनते रह गया। सीटों को लेकर यह बातचीत कमलनाथ और दिग्विजिय के स्तर पर तक पहुंच गई थी। कांग्रेस के मप्र प्रभारी रणदीप सुरजेवाला और सपा नेता राम गोपाल वर्मा के बीच भी कई स्तर की बातचीत हुई थी। बावजूद इसके यह गठबंधन नहीं बन सका। इसकी तीन प्रमुख वजहें सामने आईं।

सपा ने कांग्रेस से दस सीटें मांग रही थी। यह वह सीटें हैं जहां बीते चुनावों में सपा को मिलने वाले वोट अच्छी संख्या में हैं। साथ ही यादव मतदाता भी वहां ठीक–ठाक संख्या में हैं। कमलनाथ और कांग्रेस के बीच यह तय हुआ कि कुछ सीटें ऐसी होंगी जहां प्रत्याशी तो कांग्रेस का होगा लेकिन सिंबल साइकिल का होगा। बाद में उन प्रत्याशियों से सपा के सिंबल के साथ चुनाव लड़ने से साफ इंकार कर दिया ।

पांच राज्यों के इन चुनावों में कांग्रेस मजबूत हालत में है। वह राज्यों के चुनाव में इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ सीट शेयर करने में बहुत इच्छुक नहीं थी। सपा जरुर चाहती थी कि मप्र और राजस्थान में कांग्रेस कुछ सीटें उसके लिए छोड़ दे। कांग्रेस का स्टैंड साफ था कि वह राज्यों के चुनाव में समझौता नहीं करेगी। गठबंधन के ना बन पाने पर अखिलेश ने अपना यही दर्द बयां किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को यदि एलायंस नहीं करना था तो उसने बात क्यों शुरू की थी।

इस गठबंधन के ना बन पाने की तीसरी वजह इस पूरे मसले पर राहुल गांधी, प्रियंका और मल्लिकाअर्जुन खड़गे की चुप्पी थी। इन तीनों नेताओं ने एक बार भी सपा के किसी नेता के साथ कोई बात नहीं की। अजय राय ने जब बागेश्वर सीट की हार का ठीकरा सपा पर फोड़ा तब भी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने इसका खंडन नहीं किया। दोनों तरफ के नेताओं की ओर से बयान आते रहे लेकिन कांग्रेस की टॉप लीडरशिप ने इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

## बीजेपी ने तेलंगाना विधायक राजा सिंह का निलंबन रद्द किया

हैदराबाद ,(एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने तेलंगाना विधायक टी. राजा सिंह का निलंबन रद्द कर दिया है। विधायक को पिछले साल पैगंबर मोहम्मद के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। भाजपा की केंद्रीय अनुशासन समिति ने रविवार को राजा सिंह को सूचित किया कि उनका निलंबन रद्द करने का फैसला किया गया है। समिति ने उनके निलंबन के बाद उन्हें जारी किए गए कारण बताओ नोटिस के जवाब के आधार पर यह निर्णय लिया।राजा सिंह ने पत्र को 'एक्स' पर साझा किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा और अन्य नेताओं को धन्यवाद दिया। निलंबन रद्द होने से राजा सिंह को अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में मैदान में उतारने का रास्ता साफ हो गया है। उनके हैदराबाद के गोशामहल निर्वाचन क्षेत्र से फिर से चुनाव लडने की संभावना है। विधायक को मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली कुछ टिप्पणियां करने के आरोप में पिछले साल अगस्त में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उन्हें 25 अगस्त को जेल भेज दिया गया था।तेलंगाना हाई कोर्टद्वारा पुलिस आयुक्त के आदेश को रद्द करने और उन्हें जमानत देने के बाद राजा सिंह को 9 नवंबर को जेल से रिहा कर दिया गया। हालांकि, अदालत ने उन्हें ऐसा कोई भाषण या टिप्पणी नहीं करने का निर्देश दिया जिससे समुदायों के बीच नफरत पैदा हो। चूंकि भाजपा ने उनके निलंबन को रद्द करने में देरी की, इसलिए राजा सिंह ने इस साल अगस्त में राज्य विधानसभा को बताया था कि वह विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे।

# जम्मू–कश्मीरः सुरक्षाबलों ने उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को किया नाकाम

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास रविवार को सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। सेना ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संयुक्त बलों ने उरी सेक्टर में प्रयास को विफल कर दिया और अब तक के ऑपरेशन के दौरान छह पिस्तौल और चार हथगोले बरामद किए गए हैं। सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि घुसपैठियों के साथ मुठभेड़ हो गयी है और इलाके में गोलीबारी शुरू हो गई है। अभी तक किसी आतंकी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।



सेना ने एक्स पर कहा, "बारामूला के उरी सेक्टर के नरसिम्हा भैरव चौकी के पास शनिवार की रात को भारतीय सेना, जम्मू कश्मीर पुलिस और खुफिया एजेंसियों द्वारा शुरू किए गए एक संयुक्त अभियान में, बारामूला के उरी सेक्टर में एओसी पर सतर्क सैनिकों द्वारा घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों की तलाश की गई और इसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई। मौके से छह पिस्तौल और चार हैंड ग्रेनेड बरामद किए गए। ऑपरेशन प्रगति पर है।"

विशेष निरीक्षण अभियान में नौ हजार शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। अब इन शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। वहीं ड्यूटी से गायब मिले इन शिक्षकों का वेतन भी काटा जाएगा। बीते सवा महीने तक प्रदेश भर के सभी ब्लाकों में यह निरीक्षण अभियान चलाकर स्कूलों की हकीकत का जायजा लिया गया तो यह सच्चाई सामने आई है।

## तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की 52 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची रविवार को जारी कर दी। पार्टी की की केंद्रीय चुनाव समिति ने राज्य में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जारी पहली सूची में 52 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी मुख्यालय अरुण सिंह ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक 20 अक्टूबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में हुई थी।

उन्होंने कहा कि बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति के अन्य सभी सदस्य शामिल हुए।

पार्टी की ओर से घोषित कुल 52 उम्मीदवारों में से 12 महिला उम्मीदवार, आठ उम्मीदवार अनुसूचित जाति (एससी) और छह उम्मीदवार अनुसूचित जनजाति (एसटी) से हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने नवजात की हत्या की दोषी महिला को किया बरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सवोच्च न्यायालय ने नवजात बच्चे की हत्या के मामले में निचली अदालत द्वारा दोषी ठहराई गई एक महिला को यह कहते हुए बरी कर दिया कि उसका अपराध साबित करने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी को उम्रकैद की सजा सुनाने के लिए निर्णायक सबूत की आवश्यकता होती है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने कहा, एक महिला पर बिना किसी उचित सबूत के बच्चे की हत्या करने का दोष मढ़ना सांस्कृतिक रूढ़ियों और लैंगिक पहचान को मजबूत करता है।

अदालत ने कहा, निजता के अधिकार का उल्लंघन नहीं किया जा सकता है। दुर्भाग्य से, नीचे की दोनों अदालतों द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण और अपनाई गई



अपराध का कोई ठोस सबूत नहीं

भाषा अपीलकर्ता के इस तरह के अधिकार को बर्बाद कर देती है। यह स्पष्ट है कि महिला पर बिना किसी ठोस आधार के दोष लगाया गया है।

शीर्ष अदालत ने कहा, महिला और तालाब में पाए गए मृत बच्चे के बीच किसी भी प्रकार का कोई संबंध स्थापित नहीं किया जा सका है।

उच्चतम न्यायालय ने कहा, निष्कर्ष केवल इस आधार पर निकाला गया है कि दोषी–अपीलकर्ता एक महिला थी जो अकेली रह रही थी और गर्भवती थी (जैसा कि सीआरपीसी की धारा 313 के तहत बयान में स्वीकार किया गया है)। अदालत ने आगे कहा कि बच्चा पैदा करना है या न करना या गर्भपात कराना, यह फैसला करना पूरी तरह से महिला की निजता के दायरे में है।

शीर्ष अदालत ने कहा, यह रिकॉर्ड का विषय है कि किसी भी गवाह ने दोषी–अपीलकर्ता को मृतक बच्चे को गड्ढे में फेंकते नहीं देखा है। जैसा कि अब तक देखा गया है कि अभियोजन पक्ष द्वारा किसी भी प्रकृति का कोई निर्णायक सबूत पेश नहीं किया है और दोषी के बयान पर संदेह करने के लिए कोई सबूत नहीं है।

# गाजा पट्टी पर इजरायल का हवाई हमला

## 10 लोगों की मौत, मस्जिद को भी बनाया निशाना

**गाजा, एजेंसी।** दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में एक कैफे पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 10 लोग मारे गए और कई लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी फिलिस्तीनी न्यूज एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने अपनी रिपोर्ट में दी है। एजेंसी ने बताया कि शनिवार को अपराह्न में गाजा पट्टी के विभिन्न हिस्सों पर इजरायली हवाई हमलों के कारण 29 लोग मारे गए। वहीं, इजरायली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने रविवार को कहा कि उसने वेस्ट बैंक के जेनिन में अल–अंसार मस्जिद के एक भूमिगत परिसर पर हवाई हमला किया। आईडीएफ कहा



कि इस साइट का इस्तेमाल हमास और इस्लामिक जिहाद आंदोलनों के सदस्यों द्वारा किया जाता था।

आईडीएफ ने कहा, "आईडीएफ और आईएसए (इज़रायल सिक्योरिटीज अथॉरिटी) ने इस हमले को अंजाम दिया। आईडीएफ ने जेनिन में अल–अंसार मस्जिद में एक भूमिगत आतंकी परिसर पर हवाई हमला किया। मस्जिद में हमास और इस्लामिक जिहाद के गुर्गों के रहते थे और इसका इस्तेमाल आतंकवादी हमलों के लिए करते थे।" आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, " मस्जिद का उपयोग आतंकवादियों द्वारा हमलों की योजना बनाने और उसको अंजाम देने के लिए एक कमांड सेंटर के रूप में किया जाता था।"उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल में रॉकेट दागे थे। इसके बाद इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक आबादी वाले गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया। इसके बाद पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। बाद में मानवीय सहायता वाले ट्रकों को गाजा पट्टी में प्रवेश की अनुमति देने के लिए नाकाबंदी में ढील दी गई। संघर्ष के कारण दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए हैं और घायल हुए हैं।

## हमने नहीं कहा कि हम भाजपा के साथ हैं : नीतीश

**पटना ,(एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं के साथ दोस्ती वाले बयान को लेकर जारी अटकलों पर विराम लगाते हुए आज स्पष्ट किया कि उन्होंने कहीं ऐसी बात नहीं की है कि वह उनके (भाजपा) साथ हैं।

कुमार ने बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा नेताओं से दोस्ती वाले बयान को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा, 'जब हम कुछ बोलते हैं तो आप लोग ध्यान से नहीं सुनते हैं।

## गरबा के दौरान हार्ट अटैक से 10 लोगों की मौत, अस्पताल अलर्ट पर

**खेड़ा ,(एजेंसी)।** गुजरात के खेड़ा जिले के कपड़वंज में नवरात्रि उत्सव के दौरान गरबा खेलते समय 17 वर्षीय लडके की कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि घटना 20 अक्टूबर को हुई और पीड़ित की पहचान वीर शाह के रूप में हुई। वीर जोशीले नृत्य का आनंद ले रहा था, तभी उसे अचानक चक्कर आने लगा और वह बेहोश हो गया।

डॉ. आयुष पटेल, एमडी मेडिसिन ने कहा, मौके पर मौजूद स्वयंसेवकों ने कार्डियो–श्वसन पुनर्जीवन का काप्र प्रयास किया। अधिकारियों ने कहा कि तत्काल चिकित्सा देखभाल और नजदीकी अस्पताल में ले जाने के बावजूद, किशोर को मृत घोषित कर दिया गया। वीर के माता–पिता कपडवंज में एक अन्य गरबा स्थल पर नवरात्रि समारोह में भाग ले रहे थे जब उन्हें अपने बेटे के दुखद निधन की सूचना मिली।अचानक हुए घटना से आहत वीर के पिता रिपल शाह ने बाद में अन्य जश्न मनाने वालों से एक अपील जारी कर उनसे नृत्य के बीच आराम करने का आग्रह किया। शाह ने कहा, बच्चे को खोने का दर्द अथाह है और मुझे उम्मीद है कि किसी अन्य माता–पिता को यह दर्द नहीं सहना पड़ेगा। दिवंगत आत्मा के सम्मान में कार्यक्रम स्थल पर आयोजकों ने दो मिनट का मौन रखा और गरबा भी स्थगित कर दिया गया।

## यूपी में सरकारी स्कूल के 9000 शिक्षकों का काटा जाएगा वेतन

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता जांचने के लिए चलाए गए विशेष निरीक्षण अभियान में नौ हजार शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। अब इन शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। वहीं ड्यूटी से गायब मिले इन शिक्षकों का वेतन भी काटा जाएगा। बीते सवा महीने तक प्रदेश भर के सभी ब्लाकों में यह निरीक्षण अभियान चलाकर स्कूलों की हकीकत का जायजा लिया गया तो यह सच्चाई सामने आई है।महानिदेशक, स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद के निर्देश पर सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों ने अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। अनुपस्थित शिक्षकों का वेतन काटे जाने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। सभी ब्लाकों में एक सितंबर से लेकर 20 अक्टूबर तक प्रदेश भर में 30 हजार स्कूलों का निरीक्षण खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा किया गया।



सभी को न्यूनतम 40–40 विद्यालयों का निरीक्षण करना अनिवार्य था। सबसे ज्यादा बलिया व आजमगढ़ में ढाई–ढाई सौ से अधिक शिक्षक इस अभियान में अनुपस्थित मिले। विद्यालयों के निरीक्षण में छात्रों की उपस्थिति, कायाकल्प अभियान और निपुण भारत मिशन की प्रगति की जांच ली गई। परिषदीय स्कूलों की जांच के लिए गठित की गई जिला टास्क फोर्स और ब्लॉक टास्क फोर्स के संयुक्त अभियान में अनुपस्थित पाए गए इन शिक्षकों ने अवकाश के लिए निर्धारित समय तक ऑनलाइन आवेदन भी नहीं किया था। यही नहीं तमाम शिक्षक उपस्थिति रजिस्टर पर हाजिरी लगाकर गायब थे। फिलहाल, स्कूलों में आगे और सख्ती बढ़ाई जाएगी। ऐसे शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

## भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ, राहत सामग्री लेकर फिलिस्तीन रवाना हुआ वायु सेना का विमान सी–17

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** भारत ने एक बार फिर से बहुत ही अच्छी मिसाल पेश की है। इजराइल और फिलिस्तीन के बीच चल रहे भीषण युद्ध में हर तरफ तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में भारत ने फिलिस्तीन को मानवीय सहायता भेजी है, जहां गाजा पट्टी में हजारों की संख्या में फिलिस्तीनी मारे गए हैं। भारतीय वायु सेना का सी–17 विमान आज लगभग 6.5 टन मेडिकल और 32 टन डिजास्टर रिलीफ सामग्री लेकर मिस्र के एल–अरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हुई। सामग्री में दवाएं, सर्जिकल सामान, तंबू, स्लीपिंग बैग, तिरपाल, स्वच्छता सुविधाएं, जल शुद्धिकरण टैबलेट सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं।

भारत के पीएम नरेंद्र मोदी और भारत ने इजराइल–फिलिस्तीन संघर्ष पर एक नरम रुख अपनाया है।

# समलैंगिक विवाह को मान्यता देने के पक्ष में नहीं है भाजपा और आरएसएस

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** समलैंगिक विवाह को लेकर हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपना ऐतिहासिक फैसला देते हुए ऐसे विवाह को मान्यता देने से इनकार कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर फैसला देते हुए यह भी साफ कर दिया कि वह सिर्फ कानून की व्याख्या कर सकता है और कानून में बदलाव का काम देश की संसद को करना है। इसी के साथ देश में एक नया सवाल खड़ा हो गया कि क्या समलैंगिक विवाह के समर्थक लोगों की बात मानते हुए सरकार संसद के जरिए कानून बनाकर इस तरह के विवाह को मान्यता दे सकती है या नहीं ?

सरकार इस मसले पर क्या करेगी इसका अंदाजा सुप्रीम कोर्ट में दिए गए केंद्र सरकार के हलफनामे, समलैंगिक विवाह पर भाजपा का रुख और सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बयान से लगाया जा सकता है। केंद्र सरकार ने समलैंगिक विवाह के मसले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू होने से पहले ही हलफनामा दायर कर इस विवाह को मान्यता देने से जुड़ी याचिकाओं को खारिज करने की मांग की थी। केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में कई कानूनी उलझनों एवं समस्याओं को गिनाते हुए सुप्रीम कोर्ट को यह बताया था कि भारत सरकार समलैंगिक विवाह को मान्यता देने के खिलाफ क्यों हैं। भाजपा के स्टैंड की बात करें तो, पार्टी इसे कानूनी से ज्यादा सामाजिक और संस्कृति से जुड़ा मुद्दा मानती है।

पार्टी के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी ने दिसंबर 2022 में राज्य सभा में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का विरोध करते हुए कहा था कि भारतीय समाज समलैंगिक विवाह को स्वीकार करने को तैयार नहीं है और यह भारत की संस्कृति और परंपरा के लिए अनुचित है। देश के केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तो समलैंगिक विवाह ही नहीं बल्कि समलैंगिक संबंधों के भी कट्टर विरोधी हैं। मेघवाल ने तो मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल में बतौर सांसद वर्ष 2012 में लोक सभा में प्राइवेट मेंबर बिल के तौर पर समलैंगिकता विरोधी विधेयक पेश तक कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार करने के फैसले का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी स्वागत किया। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय का समलैंगिक विवाह संबंधी निर्णय स्वागत योग्य है।

हमारी लोकतांत्रिक संसदीय व्यवस्था इससे जुड़े सभी मद्दों पर गंभीर रूप से चर्चा करते हुए उचित निर्णय ले सकती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने इसी वर्ष मार्च में हरियाणा के पानीपत में आयोजित संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के अंतिम दिन मीडिया से बात करते हुए समलैंगिक विवाह पर आरएसएस के स्टैंड को एक बार फिर से स्पष्ट कर दिया था।

होसबाले ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का विरोध करते हुए कहा था कि समलैंगिक विवाह पर आरएसएस केंद्र सरकार के नजरिए से सहमत है। उन्होंने कहा कि शादी दो अलग–अलग जेंडर के लोगों के बीच ही हो सकती है, इसको कॉन्ट्रैक्ट नहीं कह सकते।

यह शारीरिक इच्छापूर्ति के लिए नहीं होती। शादी से गृहस्थ जीवन के आदर्श मिलते हैं। हिंदू जीवन में विवाह 'संस्कार' है, यह आनंद के लिए नहीं है। दो व्यक्ति विवाह करते हैं और समाज के लाभ के लिए एक परिवार बनाते हैं। विवाह न तो यौन आनंद के लिए है और न ही अनुबंध के लिए है।

# भाभी उठाने वाली थी देवर के अवैध संबंधों से पर्दा, युवक ने कर दिया मर्डर,हुआ गिरफ्तार

हरिद्वार। उत्तराखंड के इस शहर में एक बहुत ही ज्यादा हैरान करने वाला मामला सामने आया है। प्रेमिका के साथ अवैध संबंधों के चलते महिला को खौफनाक मौत की सजा दी गई। छानबीन में जब एक के बाद एक हत्या की गुत्थी सुलझी तो पुलिस भी हैरान रह गई। भाभी का मर्डर करने के आरोप में हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। यह पूरा मामला हरिद्वार जिले का है। हरिद्वार में ममता सैनी हत्याकांड का पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया। पुलिस का दावा है कि एक महिला से अवैध संबंध में बाधा बनने पर आरोपी देवर ने गला घोटकर भाभी की हत्या की थी। पुलिस का ध्यान भटकाने के लिए आरोपी ने लूट के मकसद से हत्या होने की भूमिका बनाई थी। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने



पुलिस टीम की पीठ थपथपाई है। रविवार को मायापुर चौकी कैंपस में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि बीस अक्तूबर को शिवनगर रानीगली में महिला ममता सैनी पत्नी महेश सैनी की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। घर का सामान भी बिखरा हुआ था। मृतका के पुत्र अभय सैनी ने इस संबंध में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। प्रारंभिक जांच में हत्याकांड में किसी परिचित के होने के अंदेशा था, लिहाजा उसी बिंदू पर पुलिस ने जांच शुरू की थी। एसएसपी ने बताया कि मृतका के अविवाहित देवर पेशे से इलेक्ट्रीशियन रामकरण की भूमिका संदिग्ध सामने आने पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह टूट गया। पूछताछ में गुनाह कबूलते हुए उसने जानकारी दी कि उसके एक महिला से अवैध संबंध चले आते हैं। इस संबंध में जानकारी होने पर भाभी ममता सैनी आए दिन उससे विवाद करती थी। लिहाजा उसने भाभी से छुटकारा पाने की ठान ली थी। घटना के दिन भी उसका रुपये के लेनदेन को लेकर भाभी से विवाद हुआ, जिसके बाद उसने चुन्नी से गला दबाकर भाभी की हत्या कर दी थी। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद वह घर के बाहर कुंडा लगाकर फरार हो गया था। एसएसपी ने बताया कि आरोपी का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया है। इस दौरान एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, सीओ सिटी जूही मनराल, कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला मौजूद रहे।

## हत्या के प्रयास के तीन आरोपी गिरफ्तार

रुड़की। हत्या के प्रयास के आरोप मे फरार तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है।

थानाध्यक्ष अंकुर शर्मा ने बताया कि सुखबीर पुत्र तुलसी निवासी ग्राम खाता खेड़ी ने तहरीर देकर गांव के ही ललित कुमार, तेजपाल, मिंदर, सोनू कुमार ,मोनू कुमार तथा पंकज पर जबरदस्ती घर में घुसकर परिजनों पर जानलेवा हमला किए जाने का आरोप लगाया था। मुखबिर की सूचना पर ललित कुमार, तेजपाल तथा धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। शेष आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अंकुर शर्मा, इकबलपुर चौकी प्रभारी मनोज कुमार, कांस्टेबल बसंत, प्रदीप शामिल रहे।

# पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता, दिल्ली से जब्त की 20 लाख रुपये की नकली दवाएं

देहरादून। देहरादून से सप्लाई की गई नकली दवाओं को जब्त करने के लिए उत्तराखंड पुलिस ने दिल्ली के तीन मेडिकल स्टोरों पर दबिश देकर करीब 20 लाख रुपये की डेढ़ लाख से ज्यादा नकली गोलियां और कैप्सूल बरामद किए। दिल्ली के इन मेडिकल स्टोर को एक करोड़ रुपये से भी ज्यादा की नकली दवाएं सप्लाई की गई थीं। यहां से इन दवाओं को उड़ीसा, बिहार, लखनऊ बनारस, सिलिगुड़ी आदि राज्यों में भी भेजा गया। पुलिस अब अन्य राज्यों में भी छापेमारी की तैयारी कर रही है। देहरादून के एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि 14 अक्टूबर को रायपुर थाना पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने नकली दवाओं के कारोबार का पर्दाफाश करते हुए रुड़की निवासी सचिन शर्मा और मुजफ्फरनगर (उप्र) निवासी



विकास को गिरफ्तार किया था। हरिद्वार के मंगलौर में दबिश के दौरान वल्टर बुसनेल और जगसन कंपनी के नाम से बनाई जा रही करोड़ों रुपये की नकली दवाएं बरामद हुई थीं। पुलिस ने नकली दवा बनाने वाली एक फैक्ट्री को भी सील कराया था। जांच में पता चला कि आरोपितों ने गत दो वर्षों में सात करोड़ रुपये की दवाएं अलग-अलग राज्यों में सप्लाई की हैं। जीएसटी व अन्य विभागों से जानकारी ली गई तो पता चला कि आरोपितों ने अपनी फर्म एसएस मेडिकोज के माध्यम से दिल्ली की बालाजी फार्मा को 97 लाख, आरजे फार्मा को 28 लाख और भारत मेडिकोज को 60 लाख रुपये की दवाएं भेजी थी। इन दवाओं को जब्त करने के लिए एक टीम दिल्ली भेजी गई थी।

## एक नजर

### दुकान से हजारों का सामान चोरी

रुड़की। गाधारोणा निवासी फरमान की रुड़की लक्सर मार्ग पर बैटरी इंवर्टर की दुकान है। शनिवार रात को दुकान के शटर के ताला तोड़ कर दस बैटरी, दस सेल्फ और एक इंवर्टर चोरी कर लिया है। दुकानदार का कहना है कि चोरी हुए सामान की कीमत 50 हजार रुपये से अधिक है। चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल जारी है।

### ग्यारह अपराधी जिलाबदर होंगे

रुड़की। शहर के ग्यारह अपराधियों को जिलाबदर किया जाएगा। पुलिस की ओर से अपराधियों की रिपोर्ट बनाकर डीएम कार्यालय भेजी गई है। शहर में विभिन्न अपराधों में लिफ्ट अपराधियों के खिलाफ शिकंजा कसा जा रहा है। जिसकी पहल शहर पुलिस की ओर से की गई है। गंगनहर कोतवाली इंस्पेक्टर अमरजीत ने बताया कि ग्यारह अपराधियों को जिलाबदर करने की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी है। सुहेल पुत्र नौशाद निवासी, नसीर पुत्र तालिब और आयान पुत्र इनाम तेल्लीवाला पाडली गुर्जर, इरफान पुत्र निसार, नसीम पुत्र सीदा, चांदमियां पुत्र निसार निवासी सोहलपुर गाडा, नितिन कुमार पुत्र विजेन्द्र कुमार निवासी रविदास मन्दिर के पास सलेमपुर राजपुताना,मुकेश पुत्र स्व. राकेश निवासी इब्राहिमपुर देह हाल मीना का मकान इब्राहिमपुर शामिल रहे।

### अष्टमी पर कन्याओं को लगाया भोग

रुड़की। दुर्गा अष्टमी पर भक्तों ने महागौरी की पूजा-अर्चना की। भक्तों ने कन्याओं का पूजन करके उन्हें उपहार भेंट किए। नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर मां दुर्गा के दरबार में सुबह से भक्तों की भीड़ रही। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद भक्तों ने कन्या पूजन किया। कन्याओं के पैर धोकर उन्हें भोजन कराकर आर्शीवाद लिया।

### फैक्ट्री में हुई चोरी का आरोपी पकड़ा

हरिद्वार। पथरी थाना क्षेत्र के पदार्था स्थित पतंजलि फूड पार्क फैक्ट्री में चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार फैक्ट्री के सीनियर फील्ड आफिसर नरेंद्र ने तहरीर देकर चोरी का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर तंत्र व गठित टीम ने आरोपी को रुड़की से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम वसीम उर्फ भूरा पुत्र हासिम निवासी बन्दामाई सिविल लाइन रुड़की बताया। आरोपी के बताए स्थान से पुलिस ने चोरी का सामान एक एक्सीलेटर पण्डल, इंडिकेटर असेम्बली, एक मेनिफिल्ड, गियर बॉक्स का पार्ट, कॉम्बिनेशन स्विच, एक क्लच सिलेंडर, एक टूटी एलईडी और इंजन वायरिंग को बरामद किया है।

# खुद को स्वस्थ रखना व्यक्ति का पहला धर्म : कुलपति

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि के भेषज विज्ञान विभाग में मनाये जा रहे फार्मा सप्ताह के समापन पर विवि के कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने कहा कि हर व्यक्ति का पहला धर्म अपने आप को स्वस्थ रखना होता है। अगर व्यक्ति स्वस्थ होता है तो वह अपने कर्म पथ पर सर्वोत्तम योगदान देते हुए लोक एवं विश्व कल्याण की भावना को साकार कर सकता है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में क्रिकेट में बी फार्मा तृतीय वर्ष के छात्रों ने बी फार्मा प्रथम के छात्रों को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया क शतरंज में डी.फार्मा के आयुष भट्ट प्रथम एवं बी. फार्मा के हर्षित प्रजापति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया क टेबल टेनिस में बी. फार्मा तृतीय वर्ष के सूर्यांश ने प्रथम एवं देवाशीष ने दूसरा स्थान प्राप्त किया क कबड्डी में बी फार्मा द्वितीय वर्ष ने प्रथम एवं डी. फार्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया क वॉलीबाल में बी.फार्मा प्रथम वर्ष ने पहला एवं बी. फार्मा अंतिम वर्ष ने दूसरा स्थान प्राप्त किया क बैडमिन्टन में बी. फार्मा अंतिम वर्ष के प्रिंस कुमार ने प्रथम एवं विशु ने दूसरा स्थान प्राप्त किया क शिक्षक वर्ग में बैडमिन्टन में डॉ. अश्वनी कुमार ने प्रथम एवं विनोद नौटियाल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया क शतरंज में डॉ. अभिषेक बंसल ने प्रथम एवं डॉ. कपिल कुमार गोयल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया क समापन अवसर पर आयोजित कार्यशाला में जुबिलेंट ओर्गानोसिस रुडकी के आनंद रावत, , गुरुकुल फार्मेसी के जनरल मैनेजर डॉ. भीम दत्त सेमवाल, विभागाध्यक्ष डॉ. विपिन कुमार ने विचार रखे।

## जमीन को लेकर दो पक्षों में मारपीट

रुड़की। जमीन के झगड़े में दो पक्षों में मारपीट की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

सिविल लाइन्स कोतवाली क्षेत्र के खंजरपुर में जमीन के झगड़े को लेकर शनिवार देर रात दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्षों के दो से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया की शुरुआती जांच पड़ताल में सामने आया है कि दोनों पक्षों में झगड़ा जमीन को लेकर हुआ है।

# जलन में किया झगड़ा तो मिली खौफनाक सजा; हैरान करने वाला खुलासा

हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार में गुरुवार को दिनदहाड़े महिला की हत्या उसी के देवर ने की थी। दोनों के बीच अवैध संबंध थे और देवर का किसी और अन्य महिला से भी प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और देवर ने गला दबाकर अपनी भाभी की हत्या कर डाली। एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने मायापुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए हत्याकांड का पर्दाफाश किया। उत्तरी हरिद्वार के रानी गली शिवनगर निवासी महेश सैनी की पत्नी ममता सैनी की दो दिन पहले दिनदहाड़े उनके घर में ही हत्या कर दी गई थी। महेश सैनी का बेटा कॉलेज से घर पहुंचा तो मां का शव बेड पर मिला था। शुरुआत से ही पुलिस के शक की सुई किसी परिचित पर ही टिकी हुई थी।



एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल सहित आला अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पुलिस टीमों को अलग-अलग टास्क देते हुए खुलासे में लगाया था।

पूछताछ में कबूला जुर्म

खोजबीन और पड़ताल के बाद ममता के देवर रामकरण की भूमिका संदिग्ध पाई गई। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि आरोपी रामकरण के अपनी भाभी सहित किसी अन्य महिला से अवैध सम्बन्ध थे, जिसका उसकी भाभी ने विरोध किया और इस बात को लेकर उनके बीच कई बार झगड़ा हो चुका था।

# 23 अक्टूबर से छह राज्यों में निकलेगी 15 दिवसीय गौ यात्रा, मध्य प्रदेश से होगी शुरुआत

ऋषिकेश। श्रीराम गौधाम सेवा समिति 23 अक्टूबर से मध्य प्रदेश से 15 दिवसीय गो यात्रा शुरू करेगी। यह यात्रा देश के कई राज्यों से होकर गुजरेंगी। इस यात्रा के लिए समिति के सदस्य ऋषिकेश से मध्यप्रदेश के लिए रवाना हो गए हैं।

यात्रा पर जाने से पहले श्रीराम गौ धाम के संस्थापक जगदीश प्रसाद भट्ट ने कार्यक्रम की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य गांव से लेकर शहर के सड़कों पर निराश्रित घूम रही गौ माता एवं गोवंशी की दशा सुधारने के लिए एक जन जागरण अभियान करना है। साथ ही यात्रा के माध्यम से गौमाता को राष्ट्रमाता



का दर्जा दिलाना है।

**मध्य प्रदेश से होगी यात्रा की शुरुआत**

समिति संस्थापक जगदीश प्रसाद भट्ट ने कहा कि श्रीराम गौधाम सेवा समिति द्वारा निराश्रित गौ माता और गोवंशी की दशा और दिशा सुधारने के लिए एक ऐतिहासिक गोरक्षा जन जागरण भारत यात्रा का शुभारंभ मानसमर्मज्ञा संत पद्मविभूषण श्री तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानन्दाचार्या स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के आशीर्वाद एवं सानिध्य में 23 अक्टूबर से मध्य प्रदेश के शियोपुर जनपद के वन क्षेत्र की जा रही है।

**इन राज्यों से होकर गुजरेगी गो यात्रा**

यह यात्रा मध्य प्रदेश से चलकर उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल तथा उत्तराखंड के हरिद्वार में पहुंचेगी। इस अवसर पर महंत मनोज प्रपन्नाचार्य महाराज, रमाबल्लभ भट्ट, सुदेश भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने की शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील

रुड़की। अक्तूबर और नवंबर में दुर्गा पूजा, विजयदशमी, करवाचौथ, दीवाली, भैया दूज और छठ पूजा के त्योहार हैं। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लक्सर पुलिस ने सेठपुर गांव में बैठक कर ग्रामीणों से सहयोग देने की अपील की।चौपाल कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कोतवाल राजीव रौथाण ने आपसी भाईचारा और सौहार्द्र बढ़ाने तथा सुख-दुख में एक दूसरे के काम आने की सीख दी। उन्होंने जिम्मेदार लोगों से त्योहार पर पुलिस का सहयोग करने की अपील की। इसके अलावा किशोरों, युवाओं को सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय खास सावधानी बरतने की हिदायत दी। इसके बाद सभी को उत्तराखंड पुलिस ऐप और गौरा शक्ति ऐप के बारे में बताया।

# 40 वर्ष बाद आजाद होगी शत्रु संपत्ति

देहरादून। आखिरकार 40 वर्ष बाद भूमाफिया का तंत्र हार गया और देहरादून का जिला प्रशासन जीत गया। काबुल के शाही परिवार से जुड़े काबुल हाउस की करीब 400 करोड़ रुपये की संपत्ति पर अब जिला प्रशासन कब्जा लेगा। जिलाधिकारी देहरादून सोनिका की कोर्ट ने काबुल हाउस के भवनों पर अवैध रूप से काबिज 17 व्यक्तियों के दावे को खारिज कर दिया।

इसके साथ ही जिलाधिकारी सोनिका ने काबुल हाउस की संपत्ति को खाली करने के लिए अवैध कब्जेदारों को 15 दिन का समय दिया है। तय समय के भीतर संपत्ति खाली न करने की दशा में जिला सहायता एवं पुनर्वास अधिकारी तहसील सदर व पुलिस बल की मदद से संपत्ति पर बलपूर्वक कब्जा प्राप्त किया जाएगा। दून की काबुल हाउस की संपत्ति का प्रकरण पहली बार उत्तर प्रदेश के समय प्रकाश में आया था। 14 अगस्त, 1984 को तत्कालीन राजस्व आयुक्त राणा प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी देहरादून को आदेश दिया था कि काबुल हाउस की संपत्ति को अवैध कब्जेदारों से मुक्त कराया जाए। तब तहसीलदार ने कब्जेदारों को नोटिस जारी कर संपत्ति खाली करने को कहा था। हालांकि, कब्जेदारों ने राजस्व आयुक्त के आदेश को छिपाकर सिर्फ तहसीलदार के नोटिस के आधार पर इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर दी।

# दून में त्योहारों व छुट्टियों के चलते पर्यटकों की उमड़ी भीड़ से सड़कों पर जाम

देहरादून। अब इसे पुलिस की लापरवाह कार्यशैली कहें या फिर नाकामी। त्योहारी सीजन में कोई यातायात प्लान न बनाने के कारण शनिवार को सुबह से रात तक पूरे शहर में यातायात थमा रहा। दशहरा पर तीन दिन की लगातार छुट्टी के कारण उमड़ी पर्यटकों की भीड़ व महाअष्टमी पर शहर में खरीदारी करने उमड़े लोगों के कारण सुबह से ही मुख्य मार्गों पर यातायात जाम होने लगा था, लेकिन शाम होते-होते स्थिति और विकराल हो गई।

शहर का कोई मार्ग ऐसा नहीं बचा, जहां वाहन जाम में न फंसे हों और हजारों वाहनों की कतार न लगी हो। रही-सही कसर विभिन्न शैक्षिक संस्थानों व संस्थाओं की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरी कर दी। रात तक शहर में वाहनों का पहिया रेंग-रेंगकर चलता रहा।

**सैलानियों की भीड़ के चलते सड़कें पैक**

दशहरा पर्व मनाने देहरादून आने व यहां से जाने वाले सैलानियों के वाहनों को नियंत्रित करने का कोई प्लान नहीं होने से शनिवार को पूरा शहर जाम की भेंट चढ़ गया। शाम को स्थिति अनियंत्रित होने पर भले ही शहर के अंदरूनी मार्गों पर



लगे जाम को नियंत्रित करने पुलिस बल अपनी सुस्ती तोड़कर सड़क पर उतर गया, लेकिन शहर के मुख्य मार्ग व राजमार्ग पूरी तरह पैक रहे।

**घंटों जाम के चलते लोग परेशान**

पटेलनगर लालपुल-कारगी मार्ग, जीएमएस मार्ग, सहारनपुर मार्ग, आढ़त बाजार, चकराता मार्ग, राजपुर मार्ग से लेकर धर्मपुर, आराघर में लंबा जाम लगा रहा। कारगी मार्ग पर तो शाम चार बजे से लगा जाम शाम सात बजे तक भी नहीं खुला। लोग तीन से चार घंटे तक जाम में ही फंसे रहे, लेकिन पुलिस ने कोई सुध नहीं ली। परेशान लोग खुद ही जाम खुलवाने का प्रयास करते रहे, मगर वाहनों की कतार बढ़ने से उनके प्रयास विफल हो गए।

शहर में जब स्थिति विकट हुई तो पुलिस चाक-चौराहों पर उतरी, लेकिन तब तक स्थिति खराब हो चुकी थी। हर सड़क वाहनों से पैक व जाम ही जाम चारों तरफ। पुलिस इसे सुलझाने में जुट गई और भूल गई कि राजमार्ग पर क्या स्थिति है। पुलिस की इसी नादानी के चलते शहर के सभी राजमार्ग भारी यातायात जाम की चपेट में आ गए।

**यातायात का पहिया थमा**

हरिद्वार बाइपास और दून-पांवटा राजमार्ग से लेकर सहारनपुर रोड व मसूरी रोड पर यातायात का पहिया थम गया। हैरानी वाली बात तो यह है कि जाम की सूचना लोग पुलिस कंट्रोल रूम पर देते रहे और अधिकारियों के मोबाइल भी घनघनाते रहे, लेकिन पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया।

# दून में रामलीला कला समिति की आयोजित रामलीला में दशरथ मरण का मंचन

देहरादून। श्री रामलीला कला समिति की ओर से आयोजित रामलीला में दशरथ मरण से अयोध्या में शोक का मंचन किया गया। इस दौरान दर्शक भी इन दृश्यों को देख आंसू नहीं रोक पाए। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा।रामलीला बाजार के रामलीला भवन में मंचन के दौरान वनवास जाने के बाद की लीला का मार्मिक प्रसंग प्रस्तुत किया। जिसमें राम के वनवास जाने की बात सुनकर राजा दशरथ को हृदय



आघात हुआ। वह स्वर्गलोक को पधार गए। इसके बाद पूरी अयोध्या में शोक की लहर दौड़ जाती है सभी अयोध्यावासी शोक विलाप करते हैं। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष राकेश महेंद्रू ,अरविंद गोयल, सोम प्रकाश शर्मा, हर्ष अग्रवाल, धन प्रकाश शर्मा, दयालचंद गुप्ता, सतीश कश्यप आदि रहे।

**भावुक हुए दर्शक**

उधर, श्री आदर्श रामलीला ट्रस्ट राजपुर की ओर से रामलीला मंचन में चित्रकूट में राम-भरत मिलन का मंचन किया गया। इस दौरान दर्शक भावुक हो गए। राजपुर के पंचायती धर्मशाला बिरगिरवाली के रामलीला सभागार में मंचन के दौरान कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को भाव विभोर किया।

## गृहमंत्री अमित शाह का जन्म दिवस मनाया

रुड़की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का जन्मदिवस तहसील शिव मंदिर में भगवान शिव को दुग्धाभिषेक व पुष्माला चढ़ा कर मनाया। इस दौरान भगवान शिव को मिठाई का भोग लगाकर गृह मंत्री अमित शाह के दीर्घायु होने व उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की गई। इस अवसर पर नवीन कुमार जैन, नीरज कपिल, सुधीर चौधरी, अश्विनी भारद्वाज, सुजीत शर्मा, सचिन गोंड़वाल, अनिल वर्मा, नरेश कुमार, एडवोकेट शेष सिंह राणा, सुनील कुमार गोयल, राजेश वर्मा, अनुज आत्रेय आदि मौजूद रहे।

# किसानों को खुब लुभा रहा मक्खन ग्रास

रुड़की। पशुओं के शीतकालीन हरे चारे के रूप में उगाई जाने वाली परंपरागत घास की अपेक्षा हरी घास की नई प्रजाति मक्खन ग्रास पशुपालको को काफी लुभा रही है। घास की विशेषता है कि इस पर कीटों का प्रकोप कम होता है। पशुपालक पशुओं के शीतकालीन हरे चारे के लिए बरसीम की खेती करत रहे हैं।

कई दशकों से जिले में बरसीम की खेती ही ज्यादा प्रचलित थी। यह घास भी काफी सॉफ्ट होती है और पशु इसे काफी चाह कर खाते हैं। हरे चारे से पशुओं के दुग्ध उत्पादन में भी बढ़ोतरी होती है। लेकिन अब हरे चारे के लिए इससे भी बेहतर प्रजाति इजाद हो गई है। किसान नीरज कुमार ने बताया कि मक्खन ग्रास के परिणाम बरसीम से काफी अच्छे प्राप्त हुए हैं। पशु इस फसल के चारे को बड़े चाव से खाते है। फसल बीज विक्रेता आजाद सिंह ने बताया कि इस बार मक्खन ग्रास की डिमांड काफी बढ़ गई है।

# यह दुनिया को बताने का समय है कि दक्षिण अफ्रीकी दबाव में कितना अच्छा खेलते हैं: क्लासेन



मुंबई, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाडियों की मौजूदगी के बावजूद कभी 50 ओवर का विश्व कप नहीं जीतने वाला दक्षिण अफ्रीका खुद पर लगे 'चोकर्स' (दबाव में बिखरने वाले) का ठप्पा मिटाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और उसके स्टार बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने कहा कि अब दुनिया को यह बताने का समय आ गया है कि वह दबाव में कितना अच्छा खेलते हैं।

दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ 229 रन से बड़ी जीत दर्ज की। उसने इंग्लैंड के सामने 400 रन का लक्ष्य रखा था। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने एक अन्य मैच में 400 रन से अधिक का स्कोर बनाया था।

इंग्लैंड के खिलाफ 67 गेंद पर 109 रन की शानदार पारी खेलने वाले क्लासेन का का मानना है कि इन दोनों मैच में उनकी टीम ने दिखाया कि वह दबाव में कितना अच्छा प्रदर्शन कर सकती है।

क्लासेन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,जब विश्व कप में हमारे प्रदर्शन की बात आती है तो किसी ने हम पर यह ठप्पा लगा दिया है लेकिन हमने अच्छी क्रिकेट खेली है। भाग्य हमारे साथ नहीं रहा है और निश्चित तौर पर कुछ मैचों में हम अपनी रणनीति के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए।

उन्होंने कहा,लेकिन अगर आप हमारे प्रदर्शन पर गौर करो तो हमने विश्व कप के इतिहास में कुछ बहुत अच्छे मैच खेले हैं। यह कोई हैरानी की बात नहीं है कि हम अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं।

क्लासेन ने कहा,हमारी वर्तमान टीम पिछले तीन वर्षों से अच्छा क्रिकेट खेल रही है। हमारे सभी खिलाड़ी परिपक्व हैं और अब दुनिया को यह बताने का समय है कि दक्षिण अफ्रीकी दबाव की परिस्थितियों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करते हैं। हमने पहले भी ऐसा किया है।

क्लासेन ने इस साल का अपना तीसरा शतक लगाया लेकिन मुंबई की गर्म और उमस भरी परिस्थितियों में खेली गई अपनी इस पारी को उन्होंने सर्वश्रेष्ठ करार दिया।

उन्होंने कहा,जिस तरह की परिस्थितियां थी उन्हें देखते हुए यह मेरे सर्वश्रेष्ठ शतकों में से एक है। मैं शारीरिक रूप से अच्छी स्थिति में नहीं था लेकिन मैंने मानसिक रूप से खुद को अच्छी तरह से तैयार किया।

## मेडल तो मैं ही लूंगा! अद्भुत कैच पकड़ने के बाद श्रेयस अय्यर ने किया इशारा

नई दिल्ली। कहते हैं पकड़ो कैच जीतो मैच। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रेयस अय्यर ने गजब की फील्डिंग का प्रदर्शन किया। शॉर्ट स्क्वायर लेग पर डेवोन कॉनवे का कैच पकड़ने के बाद श्रेयस ने मेडल दिए जाने का इशारा किया। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ रवींद्र जडेजा ने ऐसा इशारा किया था।

दरअसल, सिराज के ओवर में डेवोन कॉनवे का विकेट गिरा। चौथे ओवर में कीवी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने मोहम्मद सिराज की गेंद को फ्लिक करने की कोशिश की।

उसे जरा भी अंदाजा नहीं था कि उसकी आंखों के सामने एथलेटिकिज्म का एक शानदार नमूना सामने आने वाला है। शॉर्ट स्क्वायर लेग पर तैनात श्रेयस अय्यर ने चपलता के साथ अपनी दाहिनी ओर छलांग लगाई।

**हवा में छलांग लगाते हुए पकड़ा कैच**

हवा में उड़ते हुए श्रेयस ने अद्भुत कैच पकड़ा और कॉनवे को शून्य के स्कोर पर पवेलियन की राह दिखाई। यह एक ऐसा कैच था, जिसे आसानी से गेम-चेंजर कहा जा सकता है।

# खराब फील्डिंग पर फूटा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का गुस्सा!






नई दिल्ली। धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम की खराब फील्डिंग देखने को मिली। खिलाड़ियों कई कैच टपकाए। खराब फील्डिंग देख रोहित शर्मा ने मैदान पर ही नाराजगी जताई। इसके बाद विराट कोहली ने उन्हें समझाया। अब इसका वीडियो वायरल हो रहा है।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। शमी और सिराज ने बढ़िया शुरुआत दिलाई। सिराज ने कॉनवे को शून्य पर आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। वहीं, शमी ने विल यांग को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद डेरिल मिचेल और रचिन रवींद्र ने पारी को संभाला।

**खराब फील्डिंग पर भड़के रोहित शर्मा**

डेरिल मिचेल और रचिन रवींद्र के बीच 159 रन की साझेदारी हुई। दोनों ही बल्लेबाजों को भारतीय फील्डरों जीवनदान दिए। जडेजा, बुमराह से कैच छूटे। वहीं, विकेट कीपर केएल राहुल ने कैच छोड़े। साथ ही कई मिस फील्ड भी देखने को मिली। इस पर कप्तान रोहित शर्मा नाराज हो गए और अपना गुस्सा नहीं रोक पाए।

कोहली के साथ हुई बातचीत

नाराज रोहित को देख कोहली उन्हें समझाते हुए दिखे। दोनों के बीच काफी देर तक बातचीत होती रही। उसके बाद रोहित शांत हुए। वहीं, कुलदीप और शमी ने भारत को फिर गेम में वापस लेकर आए। जडेजा ने भी साथ दिया। वहीं, इसके बाद भारत की फील्डिंग पुराना वाला स्तर देखने को मिला। जडेजा और श्रेयस अय्यर ने बाउंड्री रोकी।

# इंग्लैंड के लिए सेमीफाइनल की रेस हुई बहुत मुश्किल



नई दिल्ली, इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया उनकी टीम का सेमीफाइनल में पहुंचना बेहद मुश्किल है। इंग्लैंड को शनिवार को वर्ल्ड कप 2023 के 20वें मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों 229 रन की शर्मनाक शिकस्त झेलनी पड़ी।

बटलर ने कहा कि इंग्लैंड ऐसी स्थिति का सामना कर रही है, जहां उसे आगामी प्रत्येक मैच जीतने की जरुरत है ताकि वर्ल्ड कप खिताब की रक्षा करने की उम्मीदों को बरकरार रख सके।

बता दें कि मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने हेनरिच क्लासेन के तूफानी शतक की बदौलत 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 399 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम महज 170 रन पर ऑलआउट हो गई।

**इंग्लैंड के बुरे हाल**

गत चैंपियन इंग्लैंड की स्थिति इस समय बेहद खराब है। जोस बटलर के नेतृत्व वाली इंग्लैंड को चार मैचों में तीन शिकस्त झेलनी पड़ी है। इंग्लैंड की टीम वर्ल्ड कप 2023 की प्वाइंट्स टेबल में 9वें स्थान पर है। इंग्लैंड की शर्मनाक शिकस्त के बाद जोस बटलर ने कहा कि अंतिम-4 की रेस मुश्किल हो गई है।

# बटलर लगातार अपने फैसले गलत ले रहा है: नासिर हुसैन



नई दिल्ली, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने जोस बटलर और उनकी टीम के फैसले की आलोचना की। वानखेड़े स्टेडियम में विश्व कप के लीग चरण के मैच में गत चैंपियन को दक्षिण अफ्रीका से 229 रन की रिकॉर्ड हार का सामना करना पड़ा।

मुंबई में टॉस जीतकर कप्तान जोस बटलर ने फील्डिंग करने का फैसला किया। हालांकि, यह फैसला उल्टा पड़ गया और इंग्लैंड 400 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका के तेज आक्रमण के सामने 22वें ओवर में 170 रन पर ढेर हो गया।

हुसैन को इस बात पर अफसोस है कि इंग्लैंड ने पिच की स्थिति को समझने के बजाय आंकड़ों पर भरोसा किया जिसके कारण शनिवार को उनकी हार हुई।

हुसैन ने कहा, इंग्लैंड लगातार अपने फैसले गलत ले रहा है। हमने टॉस और टीम का संतुलन गलत समझ लिया। टीम में किए बदलावों ने इंग्लैंड को मुश्किलों में डाल दिया। मुझे टॉस का फैसला और आंकड़ों पर निर्भरता पसंद नहीं है।

पिछली बार जब इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका दोनों खेले थे, तो वे लक्ष्य का पीछा करते हुए पिछड़ गए थे, इसलिए उन्हें सावधान रहने की जरूरत है कि वे कौन से आंकड़े देख रहे हैं।

पूर्व कप्तान ने इंग्लिश क्रिकेटरों पर फिटनेस संबंधी चिंताओं के प्रतिकूल प्रभावों का भी उल्लेख किया, जिससे उनकी भूमिका में बटलर के सामने आने वाली मुश्किलें और बढ़ गईं।पूर्व कप्तान ने आगे कहा, इंग्लैंड को मैदान के बाहर अपने फैसले सही लेने की जरूरत है। प्रदर्शन की गुणवत्ता काफी अच्छी नहीं थी, लेकिन मैदान के बाहर अपने फैसले सही से लेने की बहुत जरूरत है।

मैंने सांख्यिकी के बारे में बहुत कुछ सुना है, और इयोन मोर्गन ने सांख्यिकी का उपयोग किया है, लेकिन वहां भी बहुत उत्साह था। आपको अपने निर्णय सही लेने की ज़रूरत है। इस हार के कारण इंग्लैंड तालिका में नौवें स्थान पर खिसक गया, जबकि दक्षिण अफ्रीका तीसरे स्थान पर पहुंच गया। शीर्ष चार टीमें विश्व कप सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। इंग्लैंड का अगला मुकाबला 26 अक्टूबर को बेंगलुरु के एम.चिन्नास्वामी स्टेडियम में श्रीलंका से होगा, जबकि दक्षिण अफ्रीका 24 अक्टूबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बांग्लादेश से भिड़ेगी।

# फिल्मी दुनियां

## 100 करोड़ी हुई थलापति विजय की फिल्म लियो, यारियां 2 और गणपत का पहले ही दिन निकला दम




सिनेमाघरों में इस हफ्ते 2 फिल्मों के बीच टक्कर देखने को मिली। एक ओर एक्शन से भरपूर गणपत है तो दूसरी ओर दोस्ती की कहानी कहती यारियां 2, लेकिन दोनों ही फिल्में पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई है। इनके अलावा लियो 100 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है तो बाकी फिल्मों की दैनिक कमाई में गिरावट देखने को मिल रही है। आइए जानते हैं कि शुक्रवार को फिल्मों की कमाई कितनी रही।

दिव्या खोसला कुमार, मीजान जाफरी और पर्ल वी पुरी अभिनीत यारियां 2 को समीक्षकों से मिलीजुली प्रतिक्रियाएं मिली हैं, लेकिन दर्शकों ने इसे सिरे से नकार दिया है।2014 में आई मलयालम फिल्म बैंगलोर डेज की रीमेक यह फिल्म पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने शुक्रवार को मजह 60 लाख रुपये कमाए हैं और अब वीकेंड पर इसकी कमाई में बढ़त होने की उम्मीद की जा रही है।

टाइगर श्रॉफ और कृति सैनन की जोड़ी ने एक्शन फिल्म गणपत के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी की है।हालांकि, विकास बहल के निर्देशन में बनी यह फिल्म दर्शकों को रास नहीं आ रही है और ऐसे में पहले दिन इसकी शुरुआत बेहद धीमी रही।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने शुक्रवार को 2.50 करोड़ रुपये कमाए हैं और इसी के साथ यह टाइगर के करियर की अब तक की सबसे कम ओपनिंग वाली फिल्म बन गई है।

थलापति विजय की फिल्म लियो ने पहले ही दिन 64.8 करोड़ रुपये के साथ शानदार शुरुआत की तो दुनियाभर में भी इसकी कमाई 140 करोड़ रुपये के पार हो गई।रिपोर्ट के अनुसार, अब दूसरे दिन इसकी कमाई में भारी गिरावट आई, लेकिन इसके बावजूद भी यह 2 दिन में ही 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही। दरअसल, शुक्रवार को फिल्म ने 36 करोड़ रुपये कमाए और अब इसका कारोबार 100.80 करोड़ रुपये हो गया है।अक्षय कुमार की फिल्म मिशन रानीगंज की कहानी को पसंद किया गया तो यह पहले ही दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा दिखाने में नाकाम रही है।यह रानीगंज की कोयला खदान में फंसे मजदूरों को बचाने की सच्ची कहानी पर आधारित है, लेकिन अब इसका कमाई दिन-ब-दिन घटती जा रही है।

## शिव शक्ति—तप त्याग तांडव में शिव—पार्वती के विवाह के लिए सहमत हुईं मैनावती



धार्मिक भक्ति टीवी शो शिव शक्ति-तप त्याग तांडव के वर्तमान ट्रैक में एक जबरदस्त मोड़ देखने को मिलेगा। शो में मैनावती और उमा शिव की आड़ में पार्वती को विष्णु से विवाह करने के लिए प्रेरित करने की साजिश रचती हैं।

मैनावती ने पार्वती की परेशानी को देखते हुए झूठा दावा किया कि वह भगवान शिव से विवाह कर सकती है। हालांकि, पार्वती का मन उसे धोखे पर संदेह करने के लिए प्रेरित करता है और वह विष्णु से इस धोखेबाज योजना में मैनावती की भागीदारी पर सवाल उठाते हुए उसकी असली पहचान प्रकट करने की मांग करती है।परेशान होकर, मैनावती सारा दोष उमा पर मढ़ने का प्रयास करती है। जवाब में, उमा मैनावती को उसके अहंकार और अभिमान के बारे में जागरूक करने का प्रयास करती है।

यह मैनावती को उमा की असली पहचान के बारे में पूछताछ करने के लिए प्रेरित करता है, जिसके परिणामस्वरूप उमा और पार्वती अपने दिव्य रूपों यानी आदि शक्ति और महादेव को प्रकट करती हैं। अपनी बेटी की दिव्यता को देखकर, मैनावती का हृदय परिवर्तन हो जाता है और वह पार्वती और शिव के बीच विवाह के लिए सहमत हो जाती है। शिव और पार्वती की आसन्न शादी की खबर तेजी से फैलती है, और शिव कैलाश लौट आते हैं, और नंदी को शादी की तैयारी शुरू करने का निर्देश देते हैं।

शिव शक्ति-तप त्याग तांडव कलर्स पर प्रसारित होता है।

## मुझे लगता है कि मेरी पहली फिल्म इंतजार के लायक रही : नूपुर सेनन



एक्ट्रेस नूपुर सेनन तेलुगु फिल्म टाइगर नागेश्वर राव को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें खुशी है कि वह इस फिल्म से डेब्यू कर रही हैं और यह इंतजार के लायक रहा। नूपुर, जो पहले एक्टर अक्षय कुमार के साथ म्यूजिक वीडियो में दिखाई दी थीं, ने अपने डेब्यू और एक्टर रवि तेजा के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की। अपने डेब्यू के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं। मैं चाहती थी कि मेरा डेब्यू एक ही भाषा में हो। अब मुझे दर्शकों का छह गुना और छह अलग-अलग भाषाओं में प्यार मिल रहा है। मुझे लगता है कि मेरा डेब्यू इंतजार के लायक रहा।

एक्ट्रेस ने कहा, फिल्म में मैं बहुत अच्छा किरदार निभा रही हूं, जहां मुझे कमर्शियल डांस, मस्ती, रोमांटिक सीन के साथ-साथ इंटेंस और चैलेंजिंग सीन भी करने को मिले। इसलिए मुझे अपनी पहली फिल्म में बेस्ट करने का मौका मिला।

रवि तेजा के साथ काम करने के बारे में साझा करते हुए उन्होंने कहा, मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। उनके साथ काम करना अद्भुत था।

## टाइगर श्रॉफ की गणपत के सामने बंपर कमा रही रवि तेजा की फिल्म



रवि तेजा-स्टारर 'टाइगर नागेश्वर राव' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. फाइनली ये फिल्म इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई. फिल्म को रिलीज के पहले दिन दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला और इसने शानदार ओपनिंग की थी. वहीं फिल्म में रवि तेजा की एक्टिंग की भी खूब तारीफ हो रही है. चलिए यहां जानते हैं 'टाइगर नागेश्वर राव' ने रिलीज के दूसरे दिन कितने करोड़ का कारोबार किया है.'टाइगर नागेश्वर राव' का डायरेक्शन वामसी ने किया है और ये एक तेलुगु पीरियल एक्शन थ्रिलर फिल्म है. रवि तेजा की इस फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से मिला जुला रिस्पॉन्स मिला है. फिल्म की कमाई की बात करें तो इसने रिलीज के पहले दिन 8.2 करोड़ का कलेक्शन किया था. जिसमें तेलुगु में 8 करोड़ का कारोबार किया था और हिंगी में फिल्म ने 20 लाख की कमाई की थी. वहीं अब फिल्म की रिलीज के दूसरे दिन यानी शनिवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक 'टाइगर नागेश्वर राव' की शनिवार यानी दूसरे दिन की कमाई 4.87 करोड़ रुपये हो सकती है. इसी के साथ 'टाइगर नागेश्वर राव' की दो दिनों की कुल कमाई अब 13.07 करोड़ रुपये हो गई है.

बता दें कि शुक्रवार को सिनेमाघरों में टाइगर श्रॉफ की 'गणपत' भी रिलीज हुई थी लेकिन इस फिल्म को दर्शकों से खास रिस्पॉन्स नहीं मिला है. फिल्म ने ओपनिंग डे पर महज 2.50 करोड़ का कलेक्शन किया और दूसरे दिन यानी शनिवार को भी 'गणपत' की कमाई 2.36 करोड़ है. यानी 'गणपत' का दो दिनो का कुल कलेक्शन सिर्फ 4.87 करोड़ हो पाया है. जबकि रवि तेजा की फिल्म की दो दिनों की कलु कमाई 13 करोड़ से ज्यादा है. ऐसे में टाइगर श्रॉफ की फिल्म के आगे रवि तेजा की फिल्म ही बंपर कमाई कर रही है.बता दें कि 'टाइगर नागेश्वर राव' में रवि तेजा के अलावा नुपुर सेनन, गायत्री भारद्वाज, अनुपम खेर, रेनू देसाई, जिशु सेनगुप्ता और मुरली शर्मा प्रमुख भूमिकाओं में हैं ये फिल्म तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज हुई है.

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338